# JTET

## Previous Year Paper

### (Jharkhand) Sept 2015
### Paper-I

इस पुस्तिका में **56** पृष्ठ हैं ।
This booklet contains **56** pages.

# AP15-I

**प्रश्न-पत्र I / PAPER I**

**मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET**

**परीक्षा पुस्तिका संकेत**
**Test Booklet Code**

**Q**

**परीक्षा पुस्तिका संख्या**
**Test Booklet No.**

3065653

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $2\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **Q**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | (प्र. 1 से प्र. 30) |
| भाग-II | : गणित | (प्र. 31 से प्र. 60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्र. 61 से प्र. 90) |
| भाग-IV | : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 91 से प्र. 120) |
| भाग-V | : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 121 से प्र. 150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
7. **परीक्षार्थी भाग-V (भाषा-II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue** ball point pen only.
2. The test is of **$2\frac{1}{2}$ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **Q.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. 1 to Q. 30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q. 31 to Q. 60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q. 61 to Q. 90) |
| Part-IV | : Language I - (English/Hindi) | (Q. 91 to Q. 120) |
| Part-V | : Language II - (English/Hindi) | (Q. 121 to Q. 150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part -V (Language-II) in a language other than the one chosen as Language-I (in Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Name of the Candidate (in Capitals) :

अनुक्रमांक : (अंकों में) ____________________
Roll Number : in figures
: (शब्दों में) ____________________
: in words

परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Centre of Examination (in Capitals) :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________
Candidate's Signature :

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________
Invigilator's Signature :

Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent ____________________

SEAL

## PART – I / भाग – I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

*Directions : Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the most appropriate options.*

**1. The period of infancy is from :**
(1) birth to 1 year
(2) birth to 2 years
(3) birth to 3 years
(4) 2 to 3 years

**2. According to Piaget, a child between 2 to 7 years is in the _______ stage of cognitive development.**
(1) Preoperational
(2) Formal operational
(3) Concrete operational
(4) Sensorimotor

**3. Development proceeds from _______ to _______.**
(1) general → specific
(2) complex → hard
(3) specific → general
(4) simple → easy

**4. When adults adjust to the assistance they provide to facilitate progression of the child from current level of performance to potential level of performance, it is called :**
(1) Proximal development
(2) Scaffolding
(3) Participatory learning
(4) Collaborative learning

**5. The process of changing the existing schemas to include new information is called :**
(1) Adaptation
(2) Assimilation
(3) Accommodation
(4) Egocentrism

*निर्देश : सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं. 1 से 30) के उत्तर दीजिए ।*

**1. शैशवकाल की अवधि है :**
(1) जन्म से 1 वर्ष तक
(2) जन्म से 2 वर्ष तक
(3) जन्म से 3 वर्ष तक
(4) 2 से 3 वर्ष तक

**2. पियाजे के अनुसार 2 से 7 वर्ष के बीच का एक बच्चा संज्ञानात्मक विकास की _______ अवस्था में है ।**
(1) पूर्व संक्रियात्मक
(2) औपचारिक संक्रियात्मक
(3) मूर्त संक्रियात्मक
(4) संवेदी-गतिक

**3. विकास _______ से _______ की ओर बढ़ता है ।**
(1) सामान्य → विशिष्ट
(2) जटिल → कठिन
(3) विशिष्ट → सामान्य
(4) साधारण → आसान

**4. जब वयस्क सहयोग से सामंजस्य कर लेते हैं, तो वे बच्चे के वर्तमान स्तर के प्रदर्शन को संभावित क्षमता के स्तर के प्रदर्शन की तरफ प्रगति क्रम को सुगम बनाते हैं, इसे कहा जाता है :**
(1) समीपस्थ विकास
(2) सहयोग देना
(3) सहभागी अधिगम
(4) सहयोगात्मक अधिगम

**5. नवीन जानकारी को शामिल करने के लिए वर्तमान स्कीमा (अवधारणा) में बदलाव की प्रक्रिया _______ कहलाती है ।**
(1) अनुकूलन
(2) आत्मसात्करण
(3) समायोजन
(4) अहंकेंद्रिता

SEAL

**6. In middle childhood, speech is more _________ rather than _________.**

(1) egocentric, socialised
(2) socialized, egocentric
(3) animistic, socialised
(4) mature, immature

**7. The child centred education involves :**

(1) hands on activities for kids.
(2) children sitting in a corner.
(3) learning in restricted environment.
(4) activities that do not include play.

**8. The class teacher observed Raghav in her class playing melodious self-composed music on his keyboard. The class teacher thought that Raghav seemed to be high in _________ intelligence.**

(1) spatial
(2) bodily-kinesthetic
(3) musical
(4) linguistic

**9. When a teacher considers boys as naturally better at mathematics than girls, it shows that the teacher is :**

(1) ethical
(2) gender biased
(3) moralistic
(4) right-minded

**10. Inclusive education assumes that we should change the _________ to fit the _________.**

(1) Child / system
(2) System / child
(3) Environment / family
(4) Child / environment

**6. मध्य बाल्यावस्था में भाषा _____ के बजाय _____ अधिक है ।**

(1) अहंकेंद्रित, समाजीकृत
(2) समाजीकृत, अहंकेंद्रित
(3) जीववादी, समाजीकृत
(4) परिपक्व, अपरिपक्व

**7. बाल केंद्रित शिक्षा में शामिल है :**

(1) बच्चों के लिए हस्तपरक गतिविधियाँ
(2) बच्चों का एक कोने में बैठना
(3) प्रतिबंधित परिवेश में अधिगम
(4) वे गतिविधियाँ जिनमें खेल शामिल नहीं होते ।

**8. कक्षा-अध्यापक ने राघव को अपनी कक्षा में अपने की-बोर्ड पर स्वयं द्वारा तैयार किया गया मधुर संगीत बजाते हुए देखा । कक्षा-अध्यापक ने विचार किया कि राघव में _____ बुद्धि उच्च स्तरीय थी ।**

(1) स्थानिक
(2) शारीरिक-गतिबोधक
(3) संगीतमय
(4) भाषायी

**9. जब एक शिक्षक यह समझता है कि स्वाभाविक रूप से लड़के गणित में लड़कियों से अच्छे हैं, यह दर्शाता है कि अध्यापक है :**

(1) नीतिपरक
(2) लिंग (जेंडर) पक्षपाती
(3) शिक्षाप्रद
(4) सही दृष्टिकोण वाला

**10. समावेशी शिक्षा मानती है कि हमें _____ को _____ के अनुरूप बदलना है ।**

(1) बच्चे / व्यवस्था
(2) व्यवस्था / बच्चे
(3) परिवेश / परिवार
(4) बच्चे / परिवेश

**11. Children have the potential to create knowledge and make meaning. From this perspective the role of a teacher is that of a :**

(1) Negotiator

(2) Communicator and Lecturer

(3) Facilitator

(4) Director

**12. Which one of the following is <u>not</u> a characteristic of gifted children ?**

(1) Higher order mental processes

(2) High self efficacy

(3) Below average mental processes

(4) Solving problems insightfully

**13. According to the pre-conventional level of Kohlberg's theory, to which of the following would an individual turn when making a moral decision ?**

(1) Potential punishment involved

(2) Personal needs and desires

(3) Individual values

(4) Family expectations

**14. Regarding learners' individual differences, the teacher should :**

(1) provide a variety of learning situations.

(2) solve the problems based on deductive method.

(3) most of the time use algorithms.

(4) provide facts to students to memorize them.

**11. बच्चों में ज्ञान की रचना करने और अर्थ का निर्माण करने की क्षमता होती है । इस परिप्रेक्ष्य में एक शिक्षक की भूमिका है :**

(1) तालमेल बैठाने वाले की

(2) संप्रेषक और व्याख्याता की

(3) सुगमकर्ता की

(4) निर्देशक की

**12. इनमें से कौन-सी विशेषता प्रतिभाशाली बच्चों की <u>नहीं</u> है ?**

(1) उच्चतर श्रेणी की मानसिक प्रक्रियाएँ

(2) उच्च आत्म क्षमता

(3) निम्न औसतीय मानसिक प्रक्रियाएँ

(4) अंतर्दृष्टिपूर्वक समस्याओं का समाधान करना

**13. कोहलबर्ग के सिद्धान्त के पूर्व-परम्परागत स्तर के अनुसार, कोई नैतिक निर्णय लेते समय एक व्यक्ति निम्नलिखित में से किस तरफ प्रवृत्त होगा ?**

(1) अंतर्निहित संभावित दंड

(2) व्यक्तिगत आवश्यकताएँ तथा इच्छाएँ

(3) व्यक्तिगत मूल्य

(4) पारिवारिक अपेक्षाएँ

**14. शिक्षार्थियों (अधिगमकर्त्ता) की वैयक्तिक विभिन्नताओं के संदर्भ में शिक्षिका को चाहिए :**

(1) विविध प्रकार की अधिगम परिस्थितियों को उपलब्ध कराना ।

(2) निगमनात्मक पद्धति के आधार पर समस्याओं का समाधान करना ।

(3) कलनविधि (एल्गोरिथ्म) का अधिकतर प्रयोग करना ।

(4) याद करने के लिए शिक्षार्थियों को तथ्य उपलब्ध कराना ।

15. **Which one of the following is <u>not</u> the principle of child development ?**
   (1) All development follows a sequence.
   (2) All areas of development are important.
   (3) All development results from an interaction of maturation and experience.
   (4) All development and learning proceed at an equal rate.

16. **Which one of the following would be the most effective way of conducting assessment ?**
   (1) Assessment should be at the end of the session.
   (2) Assessment is an inbuilt process in teaching learning.
   (3) Assessment should be done twice in an academic session – at the beginning and at the end.
   (4) Assessment should be done by an external agency and not by the teacher.

17. **Which one of the following is related to creativity ?**
   (1) Divergent thinking
   (2) Convergent thinking
   (3) Emotional thinking
   (4) Egoistic thinking

18. **Which one of the following statements about children would Vygotsky agree with ?**
   (1) Children learn through social interaction with peers and adults.
   (2) Children learn when they are offered lucrative rewards.
   (3) Children's thinking can be understood by conducting laboratory experiments on animals.
   (4) Children are born 'evil' and need to be controlled through punishment.

15. **निम्नलिखित में से कौन-सा बाल-विकास का एक सिद्धान्त <u>नहीं</u> है ?**
   (1) सभी विकास एक क्रम का पालन करते हैं ।
   (2) विकास के सभी क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं ।
   (3) सभी विकास परिपक्वन तथा अनुभव की अंत:क्रिया का परिणाम होते हैं ।
   (4) सभी विकास तथा अधिगम एक समान गति से आगे बढ़ते हैं ।

16. **निम्नलिखित में से कौन-सा आकलन करने का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है ?**
   (1) आकलन सत्र की समाप्ति पर करना चाहिए ।
   (2) आकलन शिक्षण-अधिगम में अंतर्निहित प्रक्रिया है ।
   (3) आकलन एक शैक्षणिक सत्र में दो बार करना चाहिए – शुरू में और अंत में ।
   (4) आकलन शिक्षक के द्वारा नहीं बल्कि किसी बाह्य एजेन्सी के द्वारा कराना चाहिए ।

17. **निम्नलिखित में से कौन-सा सृजनात्मकता से सम्बन्धित है ?**
   (1) अपसारी चिन्तन
   (2) अभिसारी चिन्तन
   (3) सांवेगिक चिन्तन
   (4) अहंवादी चिन्तन

18. **बच्चों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से किस कथन से वाइगोत्स्की सहमत होते ?**
   (1) बच्चे समवयस्कों और वयस्कों के साथ सामाजिक अंत:क्रियाओं के माध्यम से सीखते हैं ।
   (2) बच्चे तब सीखते हैं जब उनके लिए आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए जाएँ ।
   (3) बच्चों के चिंतन को तब समझा जा सकता है जब प्रयोगशाला में पशुओं पर प्रयोग किए जाएँ ।
   (4) बच्चे जन्म से शैतान होते हैं और उन्हें दंड देकर नियंत्रित किया जाना चाहिए ।

19. **Children are :**

(1) curious beings who use their own logic and abilities to explore the world around them.

(2) adult-like in their thinking and there is a quantitative increase in their thinking as they grow up.

(3) like empty vessels in which knowledge given by the adults is filled.

(4) passive beings who can produce exact copies of the information transmitted to them.

20. **Which of the following statements about children's errors is correct ?**

(1) Children commit errors because they are careless.

(2) Children's errors are part of the learning process.

(3) Children commit errors when the teacher is lenient and does not punish them for mistakes.

(4) Children's errors are insignificant for the teacher and she should just strike out the mistakes and not pay any attention to them.

21. **A teacher needs to ensure that all learners in her class feel accepted and valued. To do this, the teacher should :**

(1) make strict rules and punish children who do not follow them.

(2) look down upon children from 'disadvantaged' background so that they feel they have to work harder.

(3) find out students who speak 'good' English and are from 'rich' backgrounds and present them as role models.

(4) get to know the social and cultural background of her students and encourage diverse opinions in the class.

19. **बच्चे :**

(1) जिज्ञासु प्राणी होते हैं जो अपने चारों ओर के जगत को खोजने के लिए अपने ही तर्कों और क्षमताओं का उपयोग करते हैं ।

(2) चिंतन में वयस्कों की भाँति ही होते हैं और ज्यों-ज्यों वे बड़े होते हैं उनके चिंतन में गुणात्मक वृद्धि होती है ।

(3) रीते बरतन के समान होते हैं जिसमें बड़ों के द्वारा दिया गया ज्ञान भरा जाता है ।

(4) निष्क्रिय जीव होते हैं जो प्रदत्त सूचना को ज्यों-की-त्यों प्रतिलिपि के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं ।

20. **बच्चों की त्रुटियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?**

(1) असावधानी के कारण बच्चे त्रुटियाँ करते हैं ।

(2) बच्चों की त्रुटियाँ उनके सीखने की प्रक्रिया का अंग हैं ।

(3) बच्चे तब त्रुटियाँ करते हैं जब शिक्षक सौम्य हो और उन्हें त्रुटियाँ करने पर दंड न देता हो ।

(4) बच्चों की त्रुटियाँ शिक्षक के लिए महत्त्वहीन हैं और उसे चाहिए कि उन्हें काट दे और उन पर अधिक ध्यान न दे ।

21. **अध्यापक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी कक्षा के सभी शिक्षार्थी अपने आपको स्वीकृत और सम्मानित समझें । इसके लिए शिक्षक को चाहिए कि वह :**

(1) कड़े नियम बनाए और जो बच्चे उनका पालन न करें उन्हें दंड दे ।

(2) वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों का तिरस्कार करे ताकि वे अनुभव करें कि उन्हें अधिक कठोर परिश्रम करना है ।

(3) उन शिक्षार्थियों का पता लगाए जो अच्छी अंग्रेज़ी बोल सकते हों और संपन्न घरों से हों तथा उन्हें आदर्श के रूप में प्रस्तुत करे ।

(4) अपने शिक्षार्थियों की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त करे और कक्षा में विविध मतों को प्रोत्साहित करे ।

**22. Suresh generally likes to study alone in a quiet room whereas Madan likes to study in a group with his friends. This is because of difference in their :**

(1) Values

(2) Aptitudes

(3) Learning styles

(4) Levels of reflectivity

**23. India has a lot of linguistic diversity. In this context, what is the most appropriate statement about multi-lingual classrooms at primary level especially class I and II ?**

(1) Students should be penalized for using their mother tongue or local language.

(2) The schools should admit only those students whose mother tongue is the same as the language of instruction.

(3) The teacher should respect all languages and encourage children to communicate in all of them.

(4) The teacher should ignore children who use their mother tongue in the class.

**22. सुरेश सामान्य रूप से एक शांत कमरे में अकेले पढ़ना चाहता है, जबकि मदन एक समूह में अपने मित्रों के साथ पढ़ना चाहता है । यह उनके _______ में विभिन्नता के कारण है ।**

(1) मूल्यों

(2) अभिक्षमता

(3) अधिगम शैली

(4) परावर्तकता-स्तर

**23. भारत में भाषिक विभिन्नता बहुत है । इस संदर्भ में विशेषकर कक्षा I और II के प्राथमिक स्तर पर बहुभाषिक कक्षाओं के बारे में सर्वथा उपयुक्त कथन है :**

(1) शिक्षार्थियों को अपनी मातृभाषा या स्थानीय भाषा का प्रयोग करने पर दंडित किया जाए ।

(2) विद्यालय में उन्हीं बच्चों को प्रवेश दिया जाए जिनकी मातृभाषा वही हो जो शिक्षा के लिए अपनाई जा रही हो ।

(3) शिक्षक को सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए और सभी भाषाओं में अभिव्यक्ति के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए ।

(4) जो बच्चे कक्षा में मातृभाषा का उपयोग करते हैं अध्यापक को उनकी उपेक्षा करनी चाहिए ।

24. **What is meant by 'nature' in 'nature-nurture' controversy ?**

(1) The environment around us

(2) Biological givens or the hereditary information

(3) Temperament of an individual

(4) Complex forces of the physical and social world

25. **Mass Media is becoming a very important agency of socialization. Which one of the following is the most appropriate statement ?**

(1) Media is a very good way to advertise and sell products.

(2) Socialization is done by the parents and the family only.

(3) Access to mass media is growing and mass media influences attitudes, values and beliefs.

(4) Children cannot directly interact with media.

26. **How children learn ? Which one of the following is not true with respect to this statement ?**

(1) Children learn in class only.

(2) Children learn when they are cognitively ready.

(3) Children learn in a number of ways.

(4) Children learn as they are naturally motivated.

24. **'प्रकृति-पोषण' विवाद में 'प्रकृति' से क्या अभिप्राय है ?**

(1) हमारे आस-पास का वातावरण

(2) जैविकीय विशिष्टताएँ या वंशानुक्रम सूचनाएँ

(3) एक व्यक्ति की मूल वृत्ति

(4) भौतिक और सामाजिक संसार की जटिल शक्तियाँ

25. **"जन-संचार माध्यम समाजीकरण का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है ।"**

**नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा सबसे उपयुक्त कथन है ?**

(1) संचार माध्यम पदार्थों के विज्ञापन और विक्रय के लिए एक अच्छा माध्यम हैं ।

(2) समाजीकरण केवल माता-पिता और परिवार के द्वारा किया जाता है ।

(3) जन-संचार माध्यमों की पहुँच बढ़ रही है और जन-संचार माध्यम अभिवृत्तियों, मूल्यों और विश्वासों को प्रभावित करता है ।

(4) बच्चे संचार माध्यमों के साथ प्रत्यक्ष रूप से अंत:क्रिया नहीं कर सकते हैं ।

26. **बच्चे किस प्रकार से सीखते हैं ? नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा इस प्रश्न के विषय में सही नहीं है ?**

(1) बच्चे केवल कक्षा में सीखते हैं ।

(2) बच्चे तब सीखते हैं जब वे संज्ञानात्मक रूप से तैयार होते हैं ।

(3) बच्चे अनेकों प्रकार से सीखते हैं ।

(4) बच्चे सीखते हैं क्योंकि वे स्वाभाविक रूप से प्रेरित होते हैं ।

27. **Which one of the following strategies should a primary school teacher adopt to motivate her students ?**

(1) Encourage competition for marks amongst individual student.

(2) Use incentives, rewards and punishment as motivating factors for each activity.

(3) Help children set goals as per their interests and support them in working towards the same.

(4) Set standard goals for the entire class and have rigid parameters to assess achievement of those goals.

28. **Which one of the following is the primary agent of socialization ?**

(1) Family

(2) Computer

(3) Heredity

(4) Political parties

29. **Giving children group work is an effective pedagogic strategy since :**

(1) it helps to reduce the teacher's work.

(2) it allows some children to dominate the others in small groups.

(3) children learn from each other and support each other in the learning process.

(4) children will be able to do their work quickly.

30. **A child with normal intelligence shows difficulty in reading and comprehending language. It indicates that the child is showing symptoms of :**

(1) Dyslexia

(2) Dysgraphia

(3) Dyscalculia

(4) Dyspraxia

27. **प्राथमिक विद्यालय शिक्षक को अपने शिक्षार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए निम्नलिखित में से किस रणनीति को अपनाना चाहिए ?**

(1) प्रत्येक शिक्षार्थी में अंक लाने के लिए स्पर्धा को प्रोत्साहित करना ।

(2) प्रत्येक गतिविधि के प्रेरक के रूप में प्रोत्साहन, पुरस्कार और दंड का उपयोग करना ।

(3) बच्चों को उनकी रुचियों के अनुसार अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें पाने के उद्यम में सहायता करना ।

(4) पूरी कक्षा के लिए मानक लक्ष्य निर्धारित करना और उनकी उपलब्धि के आकलन के लिए कठोर मानदंड निर्धारित करना ।

28. **निम्नलिखित में से कौन-सा समाजीकरण का एक प्रमुख कारक है ?**

(1) परिवार

(2) कम्प्यूटर

(3) आनुवंशिकता

(4) राजनीतिक दल

29. **बच्चों को समूह कार्य देना एक प्रभावी शिक्षण-रणनीति है, क्योंकि :**

(1) इससे शिक्षक का काम कम हो जाता है ।

(2) छोटे समूह में कुछ बच्चों को दूसरे बच्चों पर हावी होने की अनुमति होती है ।

(3) सीखने की प्रक्रिया में बच्चे एक-दूसरे से सीखते हैं और परस्पर सहायता भी करते हैं ।

(4) बच्चे अपना काम जल्दी करने में समर्थ होते हैं ।

30. **एक औसत बुद्धि वाला बच्चा यदि भाषा को पढ़ने एवं समझने में कठिनाई प्रदर्शित करता है तो यह संकेत देता है कि बच्चा _______ का लक्षण प्रदर्शित कर रहा है ।**

(1) पठन-अक्षमता (डिस्लैक्सिया)

(2) लेखन-अक्षमता (डिस्ग्राफ़िया)

(3) गणितीय-अक्षमता (डिस्कैल्कुलिया)

(4) गतिसमन्वय-अक्षमता (डिस्प्रैक्सिया)

## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

*Directions : Answer the following questions by selecting the most appropriate options.*

**31. There are 660 students in a school. Two-thirds of them are boys. Three-fourths of the number of boys are players and one-fourth of the girls are players. Total number of players in the school is :**

(1) 330

(2) 370

(3) 385

(4) 395

**32. Renu wants to lay tiles on the floor of her house which is 9 m long and 7 m wide. Among the following sizes of tiles, which one should she buy so that the floor is tiled without cutting any tile ?**

(1) 35 cm × 35 cm

(2) 40 cm × 65 cm

(3) 55 cm × 40 cm

(4) 35 cm × 45 cm

***निर्देश :*** सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**31. किसी विद्यालय में 660 विद्यार्थी हैं । इन विद्यार्थियों का दो-तिहाई लड़के हैं । लड़कों की संख्या का तीन-चौथाई खिलाड़ी हैं और लड़कियों की संख्या का एक-चौथाई खिलाड़ी हैं । विद्यालय में कुल खिलाड़ियों की संख्या है :**

(1) 330

(2) 370

(3) 385

(4) 395

**32. रेनू अपने 9 मी. लंबे तथा 7 मी. चौड़े कमरे के फर्श पर टाइलें लगाना चाहती है । टाइलों के निम्न साइज़ों में से, वह कौन सी खरीदे जिससे कि फर्श पर टाइलें किसी टाइल को काटे बगैर लग जाएँ ?**

(1) 35 सेमी × 35 सेमी

(2) 40 सेमी × 65 सेमी

(3) 55 सेमी × 40 सेमी

(4) 35 सेमी × 45 सेमी

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**33.** **Number of seconds in 6 hours is equal to the number of minutes in :**

(1) 10 days

(2) 12 days

(3) 15 days

(4) 16 days

**34.** **There are four cuboidal boxes with dimensions (in cm) as given below :**

| | Length | Breadth | Height |
|---|---|---|---|
| (i) | 20 | 25 | 18 |
| (ii) | 23 | 20 | 20 |
| (iii) | 20 | 22 | 21 |
| (iv) | 24 | 20 | 19 |

**Using which boxes can 18440 wooden centimetre cubes be packed ?**

(1) (i) & (ii)

(2) (i) & (iii)

(3) (ii) & (iii)

(4) (ii) & (iv)

**33.** **6 घंटों में सेकंडों की संख्या निम्नलिखित में से किसकी मिनटों की संख्या के बराबर है ?**

(1) 10 दिन

(2) 12 दिन

(3) 15 दिन

(4) 16 दिन

**34.** **चार घनाभाकार बक्सों की विमाएँ (सेमी में) नीचे दी गई हैं :**

| | लंबाई | चौड़ाई | ऊँचाई |
|---|---|---|---|
| (i) | 20 | 25 | 18 |
| (ii) | 23 | 20 | 20 |
| (iii) | 20 | 22 | 21 |
| (iv) | 24 | 20 | 19 |

**लकड़ी के 18440 सेंटीमीटर घनों को पैक करने के लिए निम्न में से किन बक्सों का प्रयोग होगा ?**

(1) (i) एवं (ii)

(2) (i) एवं (iii)

(3) (ii) एवं (iii)

(4) (ii) एवं (iv)

35. The length of a rectangle is two times that of a square whose perimeter is 80 cm. If breadth of the rectangle is 20 cm, then the area (in $cm^2$) of the rectangle exceeds the area of the square by :

(1) 100

(2) 150

(3) 300

(4) 400

36. Haroon went to a fruit shop. He bought one and a half dozen bananas at the rate of ₹ 2.50 per banana, three and a half kilogram apples at ₹ 57.60 per kg, one and a half kg of mangoes at ₹ 75.40 per kg and 750 grams of grapes at ₹ 120 per kg. If he gave a note of ₹ 500 to the fruitseller, he will get back :

(1) ₹ 28.10

(2) ₹ 24.85

(3) ₹ 14.95

(4) ₹ 50.30

35. किसी आयत की लंबाई, 80 सेमी परिमाप वाले एक वर्ग की भुजा का दो गुना है । यदि आयत की चौड़ाई 20 सेमी है, तो आयत का क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) वर्ग के क्षेत्रफल से अधिक है :

(1) 100

(2) 150

(3) 300

(4) 400

36. हारुन एक फल की दुकान पर गया । उसने डेढ़ दर्जन केले ₹ 2.50 प्रति केला की दर से, साढ़े तीन किलो सेब ₹ 57.60 प्रति किलो की दर से, डेढ़ किलो आम ₹ 75.40 प्रति किलो की दर से और 750 ग्राम अंगूर ₹ 120 प्रति किलो की दर से खरीदे । यदि उसने फलविक्रेता को ₹ 500 का एक नोट दिया हो, तो उसे विक्रेता से वापिस मिलेंगे :

(1) ₹ 28.10

(2) ₹ 24.85

(3) ₹ 14.95

(4) ₹ 50.30

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**37.** **10290 books are to be packed in wooden boxes. If 98 books can be packed in one box and the cost of one box is ₹ 518, then the total cost of boxes needed for this purpose is :**

(1) ₹ 53,872

(2) ₹ 54,390

(3) ₹ 54,292

(4) ₹ 54,908

**38.** **Which of the following is the best sequence to teach the topic, 'Measurement of Length" at primary stage ?**

(1) Using standard measures → using non-standard measures → developing standard unit → comparison

(2) Comparison → using non-standard measures → developing standard unit → using standard measures

(3) Comparison → using non-standard measures → using standard measures → developing standard unit

(4) Developing standard unit → using standard measure → using non-standard measures → comparison

**37.** **लकड़ी के बक्सों में 10290 पुस्तकों को पैक करना है । यदि एक बक्से में 98 पुस्तकें पैक हो सकती हैं और एक बक्से का मूल्य ₹ 518 है, तो पुस्तकों को पैक करने में बक्सों का कुल मूल्य है :**

(1) ₹ 53,872

(2) ₹ 54,390

(3) ₹ 54,292

(4) ₹ 54,908

**38.** **प्राथमिक स्तर पर 'लंबाई को मापना' विषय पढ़ाने के लिए कौन-सा श्रेणी-क्रम उत्तम है ?**

(1) प्रामाणिक मापों का उपयोग करना → अप्रामाणिक मापों का उपयोग करना → प्रामाणिक इकाई को विकसित करना → तुलना करना

(2) तुलना करना → अप्रामाणिक मापों का उपयोग करना → प्रामाणिक इकाई को विकसित करना → प्रामाणिक मापों का उपयोग करना

(3) तुलना करना → अप्रामाणिक मापों का उपयोग करना → प्रामाणिक मापों का उपयोग करना → प्रामाणिक इकाई को विकसित करना

(4) प्रामाणिक इकाई को विकसित करना → प्रामाणिक मापों का उपयोग करना → अप्रामाणिक मापों का उपयोग करना → तुलना करना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**39. Learning objective for fourth grade students is given as :**

**"Students are able to order and compare two decimal numbers upto two decimal places".**

**This learning objective refers to :**

(1) Content goal

(2) Process goal

(3) Disposition goal

(4) Social goal

**40. Which one of the following manipulative tools is required to develop geometrical concepts of 'symmetry' and 'reflection' in Class IV ?**

(1) Two sided counter

(2) Beads string

(3) Dot paper

(4) Abacus

**39. चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अधिगम उद्देश्य दिया गया है :**

**"विद्यार्थी दशमलव वाली दो संख्याओं की, जो कि दशमलव के दो स्थान तक हैं, को क्रम में रखने और उनकी तुलना करने की योग्यता रखता है।"**

**यह अधिगम का उद्देश्य उल्लेख करता है :**

(1) विषयात्मक ध्येय

(2) प्रक्रियात्मक ध्येय

(3) सुव्यवस्थितता ध्येय

(4) सामाजिक ध्येय

**40. कक्षा IV में 'सममिति' और 'परावर्तन' की ज्यामितीय संकल्पनाओं की वृद्धि के लिए निम्नलिखित में से कौन से व्यवहार-कौशल उपकरणों की आवश्यकता है ?**

(1) द्विमुखी पटल (काउंटर)

(2) मोतियों की माला

(3) बिंदु शीट (डॉट पेपर)

(4) गिनतारा

**41. A debate was conducted in mathematics period of Class V on "Zero is the most powerful number".**

**This activity encourages the child to :**

(1) collaborate with friends.

(2) analyse and communicate.

(3) write numbers containing zero(s).

(4) solve problems containing numbers ending with zero(s).

**42. If a learner is having problem with numbers and calculations she/he may be having disability known as :**

(1) dyslexia

(2) dysgraphia

(3) dyscalculia

(4) visual-spatial organization disability

**41. कक्षा V में गणित के पीरियड में यह वाद-विवाद रखा गया :**

**"शून्य सबसे अधिक प्रभावशाली संख्या है ।"**

**यह क्रियाकलाप बच्चे को प्रोत्साहित करता है :**

(1) मित्रों को सहयोग देने में

(2) विश्लेषण और सम्प्रेषण में

(3) वे संख्याएँ लिखने में, जिनमें शून्य हो ।

(4) वे समस्याएँ हल करने में, जिन संख्याओं के अंत में शून्य हो ।

**42. यदि एक शिक्षार्थी को संख्याओं और परिकलन में समस्या हो रही है तो उसमें असमर्थता हो सकती है, जिसका नाम है :**

(1) पठन-अक्षमता (डिस्लैक्सिया)

(2) लेखन-अक्षमता (डिस्ग्राफ़िया)

(3) गणितीय-अक्षमता (डिस्कैल्कुलिया)

(4) दृश्य-स्थानिक संगठन में असमर्थता

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

43. **Manipulative tools are important for learners at primary level as they help them most to :**

(1) solve word problems.

(2) speed up mental and oral calculations.

(3) perform better in examination.

(4) understand basic mathematical concepts.

44. **Which one of the following questions is open ended ?**

(1) Find 15 × 3.

(2) How will you multiply 15 by 3 ?

(3) Write any two numbers whose product is 45.

(4) Use number line to find 3 times 15.

43. **प्राथमिक स्तर पर शिक्षार्थियों के लिए व्यावहारिक उपकरणों का महत्त्व है, क्योंकि यह बहुत मदद करते हैं :**

(1) शब्दों में व्यक्त समस्याओं को हल करने के लिए ।

(2) मानसिक और मौखिक परिकलन की गति बढ़ाने के लिए ।

(3) परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए ।

(4) मूल गणितीय संकल्पनाओं को समझने के लिए ।

44. **निम्नलिखित में से कौन-सा खुला अंत वाला प्रश्न है ?**

(1) 15 × 3 का मान ज्ञात कीजिए ।

(2) आप 15 को 3 से गुणा किस प्रकार करेंगे ?

(3) कोई दो-संख्याएँ लिखिए जिनका गुणनफल 45 हो ।

(4) संख्या रेखा का प्रयोग करते हुए '3 बार 15' का मान ज्ञात कीजिए ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**45. Some students of Class II, face difficulty in the addition of two digit numbers involving 'carrying over'.**

**Reason behind this problem is lack of :**

(1) understanding of regrouping process.

(2) interest in mathematics.

(3) understanding of difference between face value and place value.

(4) understanding the importance of zero.

**46. Which one of the following is an important characteristic of a good mathematics textbook at primary level ?**

(1) It must be thick and large.

(2) Concepts should be introduced through contexts.

(3) It should only contain numerous exercises to give rigorous practice.

(4) It should be attractive and colourful.

**45. कक्षा II के कुछ विद्यार्थियों को 'हासिल वाले' दो अंकों की संख्याओं के जोड़ में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।**

**इस समस्या का कारण है :**

(1) पुनर्समूहीकरण की प्रक्रिया की समझ का अभाव

(2) गणित में रुचि का अभाव

(3) अंकित मान और स्थानीय मान में अंतर की समझ का अभाव

(4) शून्य के महत्त्व की समझ का अभाव

**46. प्राथमिक स्तर पर गणित की अच्छी पाठ्य-पुस्तक के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) वह मोटी और बड़ी होनी चाहिए ।

(2) उसमें अवधारणाओं का परिचय संदर्भों के द्वारा दिया जाना चाहिए ।

(3) उसमें केवल बहुत-से अभ्यास होने चाहिए जिससे कि यथातथ्य अभ्यास किया जा सके ।

(4) वह आकर्षक और रंगीन होनी चाहिए ।

**47. According to 'Van Hiele level of Geometry' students who can describe and sort out shapes on the basis of appearance are at :**

(1) level 0 – Visualization

(2) level 1 – Analysis

(3) level 2 – Informal Deduction

(4) level 3 – Formal Deduction

**47. 'वैन हिले के ज्यामितीय स्तर' के अनुसार जो विद्यार्थी आकृतियों को दिखावट के अनुसार वर्णित और वर्गीकृत कर सकते हैं, वे हैं :**

(1) स्तर 0 – मानसिक चित्रण

(2) स्तर 1 – विश्लेषण

(3) स्तर 2 – अनौपचारिक निगमन

(4) स्तर 3 – औपचारिक निगमन

**48. Communication in mathematics class refers to developing ability to :**

(1) organise, consolidate and express mathematical thinking.

(2) interpret data by looking at bargraphs.

(3) give prompt response to questions asked in the class.

(4) contradict the views of others on problems of mathematics.

**48. गणित की कक्षा में सम्प्रेषण का उल्लेख किस क्षमता का विकास करना है ?**

(1) गणितीय विचार को सुव्यवस्थित, संचित और स्पष्ट करना ।

(2) दण्ड आरेख (बार ग्राफ) को देखकर आँकड़ों का अर्थ लगाना ।

(3) कक्षा में पूछे गए प्रश्नों का तुरंत उत्तर देना ।

(4) गणित की समस्याओं पर दूसरों के विचारों का खंडन करना ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**49. If a learner is able to perform the four basic operations on whole numbers, fractions and decimal numbers, the learner is at :**

(1) Quantifying phase

(2) Partitioning phase

(3) Factoring phase

(4) Operating phase

**50. National Curriculum Framework, 2005 recommends that teaching of mathematics at primary level should focus on :**

(1) helping students to acquire international standards in learning of mathematics.

(2) preparation for higher mathematics.

(3) abstract concepts of mathematics.

(4) helping students to connect classroom learning with everyday life.

**49. यदि एक शिक्षार्थी पूर्णांकों, भिन्नों और दशमलव संख्याओं पर चारों आधारभूत संक्रियाएँ संपन्न करने में समर्थ है, तो वह :**

(1) परिमाणात्मक अवस्था में है ।

(2) विभाजनात्मक अवस्था में है ।

(3) उपादान अवस्था में है ।

(4) संक्रियात्मक अवस्था में है ।

**50. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 सिफारिश करता है कि प्राथमिक स्तर पर गणित की शिक्षा का केंद्र होना चाहिए :**

(1) विद्यार्थियों को गणित की शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अर्जित करने में सहायता करना ।

(2) उच्चतर गणित के लिए तैयारी ।

(3) गणित के अमूर्त विचार जानना ।

(4) कक्षा-कक्ष में की गई पढ़ाई को विद्यार्थियों की दैनिक जिंदगी से जोड़ने में सहायता करना ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

51. Which one of the following is not an important aspect of Number-sense ?

    (1) Conservation

    (2) Seriation

    (3) Counting

    (4) Writing Numbers

52. A teacher gives 36 tiles to students of class IV and asks them to arrange them in all possible rectangles. Which one of the following concepts cannot be addressed by using this activity ?

    (1) Factors

    (2) Multiplication

    (3) Area

    (4) Volume

51. निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या की समझ का महत्त्वपूर्ण पहलू नहीं है ?

    (1) संरक्षण

    (2) पंक्तिबद्धता

    (3) गणना

    (4) अंक लिखना

52. अध्यापक ने कक्षा IV के छात्रों को 36 टाइल दीं और उन्हें सभी संभव आयतों में व्यवस्थित करने के लिए कहा । इस क्रियाकलाप द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी संकल्पना को संबोधित नहीं किया जा सकता है ?

    (1) गुणनखंड

    (2) गुणनफल

    (3) क्षेत्रफल

    (4) आयतन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

53. Ten thousands + Ten hundreds + Ten tens is equal to :

(1) 101010

(2) 11110

(3) 11100

(4) 11010

54. The sum of remainders obtained on dividing 12112 by 11 and 13223 by 13 is :

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 5

55. The difference between the place value of 6 and the face value of 4 in 56431 is :

(1) 2

(2) 999

(3) 5600

(4) 5996

53. दस हजार + दस सौ + दस दहाई बराबर है :

(1) 101010

(2) 11110

(3) 11100

(4) 11010

54. 12112 को 11 से और 13223 को 13 से भाग देने पर प्राप्त शेषफलों का योग है :

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 5

55. 56431 में 6 के स्थानीय मान तथा 4 के अंकित मान में अंतर है :

(1) 2

(2) 999

(3) 5600

(4) 5996

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**56. The product of the smallest common multiple and the biggest common factor of 30, 36 and 42 is :**

(1) 7560

(2) 7460

(3) 7660

(4) 7650

**57. The sum of all the positive factors of 84 which are multiples of 7, is :**

(1) 112

(2) 113

(3) 189

(4) 196

**58. When it is 8:49 p.m. in Delhi, it is 1:19 a.m. on the next day in Sydney. What time will be in Sydney when it is 11:19 a.m. in Delhi ?**

(1) 6:49 a.m.

(2) 3:19 a.m.

(3) 3:49 p.m.

(4) 6:29 p.m.

**56. 30, 36 और 42 के सबसे छोटे सार्वगुणज तथा सबसे बड़े सार्वगुणनखंड का गुणनफल है :**

(1) 7560

(2) 7460

(3) 7660

(4) 7650

**57. 84 के सभी धनात्मक गुणनखंडों का योग, जो 7 के गुणज हैं, निम्न है :**

(1) 112

(2) 113

(3) 189

(4) 196

**58. जब दिल्ली में समय 8:49 p.m. है, तब सिडनी में समय अगले दिन का 1:19 a.m. है । यदि दिल्ली में समय 11:19 a.m. है, तो सिडनी में क्या समय होगा ?**

(1) 6:49 a.m.

(2) 3:19 a.m.

(3) 3:49 p.m.

(4) 6:29 p.m.

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**59. On a map, half centimetre shows 125 kilometres on the ground. If two cities are actually 2000 kms apart on the ground, then the distance between them on the map is :**

(1) 4 cm

(2) 6 cm

(3) 8 cm

(4) 10 cm

**60. Which one of the following is <u>not</u> correct ?**

(1) 2009 millilitres = 2 litres 9 millilitres

(2) 25 hundredths = $\frac{25}{100}$

(3) 0.57 is the same as 0.5700

(4) Area of a square of side 30 cm is the same as the area of a rectangle 4.5 m × 0.2 m.

**59. एक मानचित्र पर आधा सेंटीमीटर, भूमि पर 125 किलोमीटर को दर्शाता है । यदि दो नगरों की बीच की दूरी भूमि पर 2000 किमी है, तो मानचित्र पर उनके बीच की दूरी होगी :**

(1) 4 सेमी

(2) 6 सेमी

(3) 8 सेमी

(4) 10 सेमी

**60. निम्न में से कौन-सा एक सही <u>नहीं</u> है ?**

(1) 2009 मिलिलीटर = 2 लीटर 9 मिलिलीटर

(2) 25 शतांश = $\frac{25}{100}$

(3) 0.57 बराबर है 0.5700 के

(4) 30 सेमी भुजा वाले वर्ग का क्षेत्रफल, 4.5 मी × 0.2 मी आयत के क्षेत्रफल के समान है ।

## PART – III/भाग – III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

*Directions : Answer the following questions by selecting the most appropriate options.*

**61. An EVS teacher, usually begins her class by posing a few key questions. Of the following reasons, select which one is the least preferred ?**

(1) Learner's thinking can be restricted.

(2) Learner's thinking can be stimulated.

(3) The questions arouse curiosity in learners.

(4) Questions help in contextualising topics.

**62. While making groups for an activity, an EVS teacher should :**

(1) ensure cooperation and participation of all members.

(2) ensure separate groups for boys and girls.

(3) make groups according to their marks.

(4) make two groups only, each with a lot of students.

**63. Which one of the following characteristics an EVS text-book at primary level should not have ?**

(1) It presents natural and socio-cultural environment in an integrated manner.

(2) It caters to diverse backgrounds of the students.

(3) It includes true stories and incidents.

(4) It focuses on definitions and explanations of abstract concepts.

**निर्देश** : सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**61. पर्यावरण अध्ययन की एक शिक्षिका निम्नलिखित कारणों से अपनी कक्षा का प्रारंभ कुछ मुख्य प्रश्न पूछते हुए करती है । सबसे कम प्राथमिकता वाला कारण कौन-सा है, उसे चुनिए :**

(1) शिक्षार्थियों का चिंतन सीमित किया जा सकता है ।

(2) शिक्षार्थियों का चिंतन उद्दीप्त किया जा सकता है ।

(3) प्रश्न शिक्षार्थियों में उत्सुकता जगाते हैं ।

(4) प्रश्न प्रकरण को संदर्भपरक बनाने में मदद करते हैं ।

**62. किसी क्रियाकलाप के लिए समूह बनाते हुए सामाजिक अध्ययन के शिक्षक को चाहिए कि वह :**

(1) सभी प्रतिभागियों की सहभागिता और सहयोग सुनिश्चित करे ।

(2) सुनिश्चित करे कि लड़के-लड़कियों के समूह अलग-अलग हों ।

(3) उनके अंकों के अनुसार समूह बनाए ।

(4) केवल दो समूह बनाए और प्रत्येक में बहुत से विद्यार्थी हों ।

**63. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं होनी चाहिए ?**

(1) यह प्राकृतिक और समाज-सांस्कृतिक परिवेश को एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करती है ।

(2) यह शिक्षार्थियों की वैविध्यपूर्ण पृष्ठभूमि की जरूरतों को पूरा करती है ।

(3) यह वास्तविक कहानियों और घटनाओं को शामिल करती है ।

(4) यह परिभाषाओं और अमूर्त अवधारणाओं की व्याख्या करने पर ध्यान केंद्रित करती है ।

**64. Which one of the following the National Curriculum Framework (NCF, 2005) does not propose in the context of EVS teaching ?**

(1) Thematic Approach

(2) Linkages with children's experience and context

(3) Hands on activities.

(4) Familiarity with technical terms

**65. To draw and understand maps, which of the following abilities is/are required to be developed in primary level students ?**

**A. Understanding of relative position of places.**

**B. Understanding of relative distances and directions of places.**

**C. Understanding of symbols and scale.**

**D. Drawing precisely according to scale.**

(1) A and B

(2) only C

(3) A, B and C

(4) Only D

**66. Which of the following objectives is not related to EVS teaching in primary classes ?**

(1) To develop sensitivity towards the physical and social environment.

(2) To memorise basic scientific concepts and principles.

(3) To provide opportunities to explore the environment.

(4) To develop skills like observation, measurement, prediction and classification.

**64. पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के संदर्भ में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF, 2005) निम्नलिखित में से किसे प्रस्तावित नहीं करती ?**

(1) विषयानुसार उपागम

(2) बच्चों के अनुभवों और संदर्भों से जोड़ना

(3) हस्तपरक क्रियाकलाप

(4) तकनीकी शब्दावली से परिचित कराना

**65. प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में मानचित्र बनाने और समझने के लिए निम्नलिखित में से किन कौशल / कौशलों के विकास की आवश्यकता है ?**

**A. स्थानों की सापेक्ष स्थिति की समझ**

**B. स्थानों की सापेक्ष दूरी और दिशाओं की समझ**

**C. प्रतीकों और स्केल / पैमाने की समझ**

**D. स्केल / पैमाने के अनुसार स्पष्ट ड्राइंग बनाना**

(1) A और B

(2) केवल C

(3) A, B और C

(4) केवल D

**66. प्राथमिक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य संबंधित नहीं है ?**

(1) भौतिक और सामाजिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना ।

(2) विज्ञान के आधारभूत प्रत्ययों और सिद्धांतों को रटकर याद कर लेना ।

(3) पर्यावरण को खोजने के अवसर प्रदान करना ।

(4) अवलोकन, मापन, भविष्यकथन और वर्गीकरण जैसे कौशलों का विकास करना ।

**67. The nature of environment studies does not advocate that :**

(1) children get a lot of space to explore.

(2) children make fewer mistakes.

(3) children get space to learn by doing.

(4) children ask a lot of questions.

**68. A teacher took up plants as the theme to teach class IV students. She provided the following learning opportunities :**

**a. Collection of leaves in groups.**

**b. Discussions about shapes, sizes and other features of leaves.**

**c. Making a herbarium**

**For such activities, what should the teacher not encourage the most ?**

(1) Children's interaction with each other, observation and cooperation.

(2) Children's initiative to memorise as many names of leaves as possible.

(3) Children's detailing of the work.

(4) Children's continuous engagement with the activity.

**67. पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति निम्नलिखित का समर्थन नहीं करती :**

(1) बच्चों को खोज करने के लिए पर्याप्त स्थान मिले ।

(2) बच्चे कम गलतियाँ करें ।

(3) बच्चों को करके सीखने का अवसर मिले ।

(4) बच्चे बहुत से प्रश्न पूछें ।

**68. एक शिक्षिका ने कक्षा IV के शिक्षार्थियों को पढ़ाने के लिए 'पौधे' अंतर्वस्तु का चयन किया । उसने सीखने के लिए निम्नलिखित अवसर प्रदान किए :**

**a. समूहों में पत्तियों का संग्रह करना ।**

**b. पत्तियों के आकार, स्वरूप और अन्य विशेषताओं पर चर्चा करना ।**

**c. अपना वनस्पति संग्रहालय बनाना ।**

**इस प्रकार की गतिविधियों हेतु शिक्षिका को किस बात के लिए सबसे अधिक प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए ?**

(1) बच्चों की परस्पर क्रिया, अवलोकन और सहयोग

(2) जितनी अधिक पत्तियों के बारे में संभव हो उतना उनके नाम याद करने में बच्चों की पहल

(3) बच्चों के द्वारा कार्य का विस्तार

(4) बच्चों का निरंतर गतिविधि में लगे रहना

69. **Which one of the following should <u>not</u> be done by the EVS teacher while assessing students ?**

(1) Write qualitative statements about students work.

(2) Compare with previous assessment record of students.

(3) Record information in the light of the students learning potential.

(4) Focus only on a few aspects of students work.

70. **'Community' is an important teaching-learning resource in EVS at primary level because :**

(1) it provides learning opportunity in real setting.

(2) it is a very inexpensive resource.

(3) it is an easily available resource.

(4) it comprises wise and elderly people.

71. **A person boarded an express train on 30th August, 2015 at Ahmedabad for Trivandrum. The train departed from Ahmedabad at 13.30 hours and reached Trivandrum at 7.30 hours on 1st September, 2015. If the distance between Ahmedabad and Trivandrum is 2268 km, the average speed of the train between the two stations was :**

(1) 54 m/s

(2) 42 m/s

(3) 15 m/s

(4) 9 m/s

69. **शिक्षार्थियों का आकलन करते समय पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका को निम्नलिखित में से क्या <u>नहीं</u> करना चाहिए ?**

(1) बच्चों के कार्य से संबंधित गुणात्मक उल्लेख करना ।

(2) बच्चों के पूर्व आकलन के साथ तुलना करना ।

(3) शिक्षार्थियों की सीखने की क्षमताओं को ध्यान में रखकर सूचना दर्ज करना ।

(4) बच्चों के कार्य के केवल कुछ पक्षों पर ध्यान केंद्रित करना ।

70. **प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में 'समुदाय' सीखने-सिखाने का एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है, क्योंकि**

(1) यह वास्तविक स्थितियों में सीखने के अवसर उपलब्ध कराता है ।

(2) यह एक बहुत सस्ता संसाधन है ।

(3) यह आसानी से उपलब्ध होने वाला संसाधन है ।

(4) इसमें समझदार और बुज़ुर्ग व्यक्ति होते हैं ।

71. **कोई व्यक्ति 30 अगस्त, 2015 को किसी एक्सप्रेस ट्रेन में अहमदाबाद से त्रिवेन्द्रम जाने के लिए बैठा । यह ट्रेन 13.30 बजे अहमदाबाद से छूटी और 1 सितम्बर, 2015 को 7.30 बजे त्रिवेन्द्रम पहुँची । यदि अहमदाबाद से त्रिवेन्द्रम के बीच की दूरी 2268 किमी है, तो इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन की औसत चाल थी :**

(1) 54 m/s

(2) 42 m/s

(3) 15 m/s

(4) 9 m/s

**72. Gurpreet travels for the first time from New Delhi to Chennai in a train. Which one of the following rivers is he <u>not</u> likely to cross during his train journey ?**

(1) Narmada
(2) Godavari
(3) Ganga
(4) Krishna

**73. Which one of the following places in our country is a "Cold Desert" ?**

(1) Darjeeling
(2) Jaisalmer
(3) Ladakh
(4) Meghalaya

**74. In Class V Environmental Studies Text-book one lesson, "Blow Hot Blow Cold" is a story written by Dr. Zakir Hussain. He has written many such stories for children. At the time of his death, he was the :**

(1) Prime Minister of India
(2) Chief Justice of India
(3) Vice-President of India
(4) President of India

**75. Which one of the following matches is <u>not</u> a correct way of food preservation ?**

(1) Raw Mango – Pickle
(2) Potato – Chips
(3) Milk – Paneer
(4) Apple – Jam

**72. गुरप्रीत पहली बार रेलगाड़ी से नई दिल्ली से चेन्नई गया । अपनी रेलयात्रा में उसकी गाड़ी के द्वारा निम्नलिखित में से किस नदी को पार करने की संभावना <u>नहीं</u> है ?**

(1) नर्मदा
(2) गोदावरी
(3) गंगा
(4) कृष्णा

**73. हमारे देश में निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा 'ठंडा रेगिस्तान' है ?**

(1) दार्जिलिंग
(2) जैसलमेर
(3) लद्दाख
(4) मेघालय

**74. कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक का एक पाठ 'उसी से ठंडा उसी से गर्म' डॉ. ज़ाकिर हुसैन द्वारा लिखी गई एक कहानी है । उन्होंने बच्चों के लिए ऐसी कई कहानियाँ लिखी हैं । अपनी मृत्यु के समय वे थे :**

(1) भारत के प्रधानमंत्री
(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(3) भारत के उप-राष्ट्रपति
(4) भारत के राष्ट्रपति

**75. खाद्य संरक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा ठीक <u>नहीं</u> है ?**

(1) कच्चा आम – अचार
(2) आलू – चिप्स
(3) दूध – पनीर
(4) सेब – जैम

**76. Consider the following characteristics of the houses :**

**A. Ground floor without windows**

**B. Slanting wooden roofs made of tree trunks**

**C. House made almost 10-12 feet above the ground on stone pillars**

**D. Thick walls made of stone, mud and lime**

**E. Wooden floors**

**Which of the above characteristics can be found in the houses of Leh and Ladakh ?**

(1) A, B, C

(2) B, C, D

(3) C, D, E

(4) A, D, E

**77. Study the following :**

**Crows make their nests high up on a tree using all kinds of things, even pieces of wood and wires. A clever bird who does not make its own nest lays eggs in a crow's nest. The poor crow hatches them along with its own eggs.**

**Which bird is this ?**

(1) Sunbird

(2) Indian Robin

(3) Barbet

(4) Koel

**78. Which one of the following is not a seed ?**

(1) Aniseed

(2) Wheat

(3) Black Pepper

(4) Sago (Sabudana)

**76. घरों की नीचे दी गई विशिष्टताओं पर विचार कीजिए :**

**A. निचली मंजिल में कोई खिड़की नहीं**

**B. पेड़ के तनों की लकड़ी से बनी ढालू छतें**

**C. पत्थर के खम्भों पर ज़मीन से लगभग 10-12 फुट ऊँचाई पर बने घर**

**D. पत्थर, गारा और चूने से बनी मोटी दीवारें**

**E. लकड़ी के फर्श**

**लेह और लद्दाख के घरों में ऊपर दी गई कौन-कौन सी विशिष्टताएँ पाई जा सकती हैं ?**

(1) A, B, C

(2) B, C, D

(3) C, D, E

(4) A, D, E

**77. निम्नलिखित का अध्ययन कीजिए :**

**कौआ पेड़ की ऊँची डाल पर अपना घोंसला बनाता है । इस घोंसले को बनाने में कई प्रकार की चीज़ें, यहाँ तक कि लकड़ी की शाखाएँ और लोहे के तार भी होते हैं । एक चालाक पक्षी भी है जो अपना घोंसला नहीं बनाता और कौए के घोंसले में अण्डे दे देता है । बेचारा कौआ अपने अंडों के साथ इन अंडों को भी सेता है ।**

**यह पक्षी कौन-सा है ?**

(1) शकरखोरा

(2) कलचिड़ी

(3) बसंत गौरी

(4) कोयल

**78. निम्नलिखित में से कौन बीज नहीं है ?**

(1) सौंफ

(2) गेहूँ

(3) काली मिर्च

(4) साबूदाना

**79. Rehana goes to Kerala along with her family. There she sees tall trees which are very different from those in her hometown, Shimla. Which trees could she have seen in Kerala ?**

(1) Pine

(2) Coconut

(3) Apple

(4) Litchi

**80. From the following materials collected from a vegetable market by children, identify those with seeds inside :**

**Potato, Tomato, Pear, Chikoo, Lady finger, Bitter-gourd, Onion, Cucumber**

(1) Pear and Chikoo

(2) Tomato, Pear and Chikoo

(3) Tomato, Pear, Chikoo, Lady finger, Cucumber

(4) Tomato, Pear, Chikoo, Lady finger, Bitter-gourd, Cucumber

**81. Neeta goes to Andhra Pradesh and she purchases two sarees, which are exclusively made there. What are they called ?**

(1) Kalamkari and Kantha

(2) Pochampally and Kalamkari

(3) Pochampally and Kanjivaram

(4) Kalamkari and Chanderi

**79. रेहाना अपने परिवार के साथ केरल जाती है । वहाँ उसे ऊँचे वृक्ष दिखाई पड़ते हैं जो उसके गृह नगर शिमला के ऊँचे वृक्षों से भिन्न हैं । उसने केरल में कौन-से वृक्ष देखे होंगे ?**

(1) चीड़

(2) नारियल

(3) सेब

(4) लीची

**80. बच्चों के द्वारा सब्जी बाज़ार से इकट्ठी की गई निम्नलिखित सामग्री में से उन्हें पहचानिए जिनके भीतर बीज होते हैं :**

**आलू, टमाटर, नाशपाती, चीकू, भिंडी, करेला, प्याज़, खीरा**

(1) नाशपाती और चीकू

(2) टमाटर, नाशपाती और चीकू

(3) टमाटर, नाशपाती, चीकू, भिंडी, खीरा

(4) टमाटर, नाशपाती, चीकू, भिंडी, करेला, खीरा

**81. नीता आंध्रप्रदेश जाती है और दो साड़ियाँ खरीदती है, जो खास तौर पर वहीं बनाई जाती हैं । वे क्या कहलाती हैं ?**

(1) कलमकारी और कंथा

(2) पोचमपल्ली और कलमकारी

(3) पोचमपल्ली और कांजीवरम्

(4) कलमकारी और चंदेरी

82. **Which one of the following diseases may be caused by stagnant water ?**

(1) Chicken pox

(2) Malaria

(3) Polio

(4) Pneumonia

83. **Which of the following makes a correct pair ?**

(1) Karnataka – Kathak

(2) Assam – Bihu

(3) Orissa – Bharatnatyam

(4) Tamil Nadu – Lavani

84. **The Eskimo makes his house i.e. 'igloo' from ice. What is the reason for this ?**

(1) Only ice is available in polar regions.

(2) Ice does not allow cold air and water to come inside.

(3) The air between the ice walls prevents the inside heat from escaping.

(4) Ice is available free of cost, other material will cost a lot.

85. **Which one of the following is <u>not</u> a characteristic feature of the roots of a Banyan tree ?**

(1) Roots provide support to trees like pillars.

(2) Roots hang down from the branches.

(3) There are underground roots.

(4) Roots store food.

82. **निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी रूके या इकट्ठा हुए पानी से हो सकती है ?**

(1) चेचक

(2) मलेरिया

(3) पोलियो

(4) निमोनिया

83. **निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा ठीक है ?**

(1) कर्नाटक – कथक

(2) असम – बिहू

(3) उड़ीसा – भरतनाट्यम

(4) तमिलनाडु – लावणी

84. **ऐस्किमो अपने घर 'इग्लू' का निर्माण बर्फ़ से करते हैं । इसका क्या कारण है ?**

(1) ध्रुवीय क्षेत्रों में केवल बर्फ़ ही उपलब्ध है ।

(2) बर्फ़ ठंडी हवा और पानी को अंदर नहीं आने देती ।

(3) बर्फ़ की दीवारों के बीच मौजूद हवा अंदर की गरमी को बाहर जाने से रोकती है ।

(4) बर्फ़ मुफ्त में मिलती है, अन्य सामग्री की कीमत अधिक होगी ।

85. **निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बरगद के पेड़ की जड़ों की <u>नहीं</u> है ?**

(1) जड़ें खम्भों की तरह पेड़ को सहायता प्रदान करती हैं ।

(2) जड़ें शाखाओं से नीचे लटकती हैं ।

(3) इसमें ज़मीन के भीतर जड़ें होती हैं ।

(4) जड़ें भोजन का भंडारण करती हैं ।

**86. As a newly appointed EVS teacher in a school, your foremost priority before beginning to teach would be to :**

(1) prepare lesson plans in advance.

(2) indentify the slow learners in the class.

(3) prepare detailed chapterwise notes for learners.

(4) prepare socio-cultural profiles of the learners.

**87. Poems and stories are effective in transacting the themes of EVS. This is because poems and stories :**

**A. can be rich depictions of the child's environment.**

**B. can provide contextual learning environment.**

**C. can explain various abstract concepts effectively.**

**D. can nurture creativity and aesthetic sense.**

(1) A and B

(2) A, B and D

(3) only C

(4) only B

**88. As a teacher of Class V, which of the following resources would you find best to use while dealing with a topic on 'conservation of fuels' ?**

(1) Textbooks

(2) Reference books

(3) Posters

(4) Newspapers

**86. एक नव-नियुक्त पर्यावरण-अध्ययन के शिक्षक के रूप में पढ़ाने से पहले आपकी सबसे पहली प्राथमिकता होगी :**

(1) पहले से पाठ-योजना तैयार करना ।

(2) कक्षा में धीमी गति से सीखने वाले शिक्षार्थियों की पहचान करना ।

(3) शिक्षार्थियों के लिए पाठानुसार विस्तृत नोट्स तैयार करना ।

(4) शिक्षार्थियों का समाज-सांस्कृतिक प्रोफाइल / विवरण तैयार करना ।

**87. कविताएँ और कहानियाँ पर्यावरण अध्ययन की अंतर्वस्तु को पढ़ाने में प्रभावशाली हैं । ऐसा इसीलिए है, क्योंकि कविताएँ और कहानियाँ :**

**A. बच्चों के परिवेश का समृद्ध चित्रण कर सकती हैं ।**

**B. संदर्भित अधिगम परिवेश प्रदान कर सकती हैं ।**

**C. विभिन्न अमूर्त अवधारणाओं की प्रभावशाली तरीके से व्याख्या कर सकती हैं ।**

**D. सृजनात्मकता एवं सौंदर्यबोध का पोषण कर सकती हैं ।**

(1) A और B

(2) A, B और D

(3) केवल C

(4) केवल B

**88. कक्षा V की शिक्षिका के रूप में आप 'ईंधन के संरक्षण' प्रकरण को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से किस संसाधन के उपयोग को सर्वश्रेष्ठ पाते हैं ?**

(1) पाठ्य-पुस्तक

(2) संदर्भ पुस्तकें

(3) पोस्टर

(4) समाचार-पत्र

**89. A teacher of Class IV asks students to put their worksheet, observation reports and material collected during a term in a folder. These folders can be called :**

(1) Anecdotal records

(2) Portfolios

(3) Assignments

(4) Projects

**90. The chapter in Class V NCERT EVS text-book titled, 'Sunita in Space' describes astronaut Sunita Williams' experiences in spaceship. What could be the reason/reasons for including this ?**

**A. This incident gives a peep into the life of an astronaut.**

**B. This incident describes physical conditions in a spaceship.**

**C. This incident challenges gender stereotypes.**

**D. This incident helps in explaining the concept of gravity.**

(1) A only

(2) D only

(3) A, B and C

(4) A, B, C and D

**89. कक्षा IV की एक शिक्षिका शिक्षार्थियों से कहती है कि वे अपने कार्य-पत्रक, अवलोकन-रिपोर्ट और सत्र में एकत्रित की गई सामग्री को एक फोल्डर में डाल दें ।**

**इन फोल्डरों को _______ कहा जा सकता है ।**

(1) घटना-वृत्तांत अभिलेख

(2) पोर्टफोलियो

(3) दत्त कार्य

(4) परियोजना कार्य

**90. एन.सी.ई.आर.टी. (रा.शै.अ.प्र.प.) की पर्यावरण अध्ययन की कक्षा V की पाठ्य-पुस्तक में 'सुनीता अंतरिक्ष में' शीर्षक पाठ स्पेसशिप में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के अनुभवों का वर्णन करता है । इसे शामिल करने का / के क्या कारण हो सकता है / सकते हैं ?**

**A. यह घटना अंतरिक्ष यात्रियों की ज़िंदगी में झाँकने का अवसर देती है ।**

**B. यह घटना स्पेसशिप में भौतिक स्थितियों का वर्णन करती है ।**

**C. यह घटना स्त्री-पुरुष लिंग (जेंडर) रूढ़िवादिता को चुनौती देती है ।**

**D. यह घटना गुरुत्वाकर्षण की अवधारणा को समझने में मदद करती है ।**

(1) केवल A

(2) केवल D

(3) A, B और C

(4) A, B, C और D

# PART – IV
# LANGUAGE – I
# ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **91-99**) by selecting the **most appropriate** options :

Madam Cama's Paris home became a shelter for world revolutionaries. Even Lenin, the father of Russian revolution visited her house and exchanged views. Savarkar got all encouragement in writing the history of the First Indian War of Independence from Cama. She helped its printing in Holland as no English publisher came forward to publish it. It was a banned book but found its way to India. Smuggled ingeniously under "Don Quixote" covers ! She became the publisher of "Vande Mataram", a revolutionary magazine and its distributor, an extremely difficult task in the days of British espionage. Another magazine "Madan's Talwar" was also started in memory of Madan Lal Dhingra who laid down his life for the country. Both the magazines were outlawed in India and England. Madam Cama somehow found ways to send them to Indian revolutionaries.

Madam Cama also fought for the cause of women. Speaking at National Conference at Cairo, Egypt in 1910, she asked, "Where is the other half of the Egypt ? I see only men who represent half the country !" She stressed the role of women in building a nation.

When the First World War broke out in 1914, Madam Cama took an anti-British stand and tried her best to make the Indian people aware of the exploitative nature of British imperialism.

The British had banned her entry into India, being afraid of her revolutionary past and staunch nationalistic outlook. But the lioness was getting old and 35 years of fighting on foreign-land had taken its toll. She decided to return to her motherland. Her health was worsening. After reaching Bombay, she was hospitalized and died on 13th of August, 1936.

**91. Not only did Madam Cama participate in India's struggle for freedom, she also :**

(1) worked for the upliftment of the poor.

(2) opened schools in slums.

(3) created awareness of the importance of cleanliness among women.

(4) championed the cause of women.

**92. Madam Cama's entry into India was banned because :**

(1) she was a revolutionary and staunch nationalist.

(2) she had a criminal past.

(3) she spoke vehemently against the British.

(4) she was spreading rumours about the British.

**93. The author's atitiude to Madam Cama can be described as :**

(1) hostile

(2) laudatory

(3) critical

(4) contradictory

**94. The word, 'ingeniously' most nearly means :**

(1) secretly

(2) cleverly

(3) wilfully

(4) devilishly

**95. The word which is opposite in meaning to 'famous' is :**

(1) unpopular

(2) undesirable

(3) mysterious

(4) unknown

**96. 'Madam Cama fought for the cause of women.'**

**Tense of the above sentence has been correctly changed into past perfect in :**

(1) Madam Cama had fought for the cause of women.

(2) Madam Cama has been fighting for the cause of women.

(3) Madam Cama is fighting for the cause of women.

(4) Madam Cama had been fighting for the cause of women.

**97. Which part of speech is the underlined word in the sentence given below ?**

**'I see only men <u>who</u> represent half of the country.'**

(1) Adjective

(2) Pronoun

(3) Adverb

(4) Noun

**98. How did the book, 'The First Indian War of Independence' find its way to India' ? The book was :**

(1) couriered

(2) mailed

(3) smuggled

(4) sent through a secret agent

**99. Madan Lal Dhingra was a :**

(1) businessman

(2) freedom fighter

(3) poet

(4) journalist

**Directions :** Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **100-105**) by selecting the **most appropriate** options :

So he spoke, mildly ; Sohrab heard his voice
The mighty voice of Rustum and he saw
His giant figure planted on the sand,
Sole, like some single tower, which a chief
Hath builded on the waste in former years
Against the robbers; and he saw that head,
Streak'd with its first grey hairs; hope filled his soul,
And he ran forward and embraced his knees,
And clasp'd his hand within his own,....

**100. The description of Rustum's physical appearance shows that he was**

(1) old
(2) middle-aged
(3) a teenager
(4) young

**101. The way Sohrab reacted when he saw Rustum shows that**

(1) he was enraged, when he saw Rustum.
(2) he felt great love and admiration for him.
(3) he was utterly confused.
(4) he was overcome with grief.

**102. The poet describes Rustum's voice as**

(1) powerful
(2) booming
(3) shrill
(4) loud

**103. The figure of speech used in lines 3 and 4 is :**

(1) metaphor
(2) personification
(3) metonymy
(4) simile

**104. Name the literary device used in :**

**'______ he saw that head**

**Streak'd with its first grey hairs'.**

(1) Contrast
(2) Imagery
(3) Alliteration
(4) Simile

**105. The encounter between Rustum and Sohrab took place**

(1) in a forest
(2) on the sea-shore
(3) in a desert
(4) in a valley

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**106. A child in class II writes : "I laik tu red a buk" instead of writing "I like to read a book". What does the child's writing show ?**

(1) He needs to work on phonetics.

(2) He needs remedial classes to improve spelling.

(3) He has used invented spellings.

(4) He is not paying any attention to the class.

**107. In a constructivist classroom, language learning should be based on :**

(1) drill and practice of grammatical items.

(2) the transaction of the prescribed textbook by the teacher.

(3) learners' previous knowledge in constructing their new knowledge using authentic tasks.

(4) the assumption that English langaue can only be learnt if the teacher transmits it to the learners.

**108. A teacher is reading a lesson from class III textbook about a girl Nina who is not interested in attending a marriage party as she does not want to leave the sparrow alone locked in her house. Suddenly a boy, Ali stands up and tells the teacher how one day he saved an injured pigeon which was lying in his balcony. Ali's reaction to the story can be described as :**

(1) connecting the text with his personal experience.

(2) interrupting the teacher in between.

(3) an opportunity to use oral language in the class.

(4) his attention seeking nature in the class.

**109. Reading comprehension is an ability to :**

(1) translate the written symbols into corresponding sounds.

(2) perceive and decode letters in order to read the text fluently.

(3) construct meaning by interacting with the text.

(4) understand all the words in the text to understand its meaning.

**110. A teacher has given a task to be done in groups. What will be the role of the teacher during this group work ?**

(1) Ensure that the task is finished on time, so she should remind them of the time, again and again.

(2) Ensure that everyone in a group participates in the task and try to support them if required.

(3) The teacher should give full autonomy to the groups and she should sit aside on a chair.

(4) Ensure that students do not make a noise in the class.

**111. Which of the following type of questions in a test will be helpful in assessing the creativity of the learners ?**

(1) One word question

(2) Open ended question

(3) Multiple choice question

(4) True/False type of question

**112. Deficiency in the ability to write associated with impaired handwriting is a symptom of :**

(1) Aphasia

(2) Dyscalculia

(3) Dysgraphia

(4) Dysphasia

**113. In a role play a student at the end said, 'This news report is presented by the reporter, Anshu and cameraman, Priya." The teacher said that instead of cameraman you should say cameraperson. It indicates that the teacher is using a :**

(1) masculine gender
(2) feminine gender
(3) gender biased language
(4) gender neutral language

**114. The theory of Universal Grammar was formulated by :**

(1) Stephen Krashen
(2) Steven Pinker
(3) Jean Piaget
(4) Noam Chomsky

**115. Dictionary is a very important tool for learning a language. Which of the following is <u>least</u> important about the use of dictionary ?**

(1) Check the spelling of a word.
(2) Looking the meaning of a word.
(3) Check the passive voice of a word.
(4) Check the part of speech of a word.

**116. Which of the following is a technique of assessment ?**

(1) Rubrics
(2) Interview
(3) Checklist
(4) Rating scale

**117. Learning to speak in a second language <u>does not</u> involve :**

(1) second language grammatical knowledge.
(2) its pronunciation.
(3) culturally bound speaking events.
(4) theoretical knowledge of a language.

**118. While developing writing skill among students, a language teacher should most importantly focus on :**

(1) good handwriting.
(2) grammatical aspects.
(3) word limits.
(4) expression of ideas.

**119. A teacher divided the students of class V into groups of six and provided each with a short story. Then she asked them to imagine, discuss and write the story with a different ending. In this activity the teacher is developing their :**

(1) controlled writing.
(2) guided writing.
(3) creative writing.
(4) product writing.

**120. Before starting a new lesson from the textbook, a teacher should focus on :**

(1) the moral of the lesson.
(2) the grammatical aspects in the lesson.
(3) choosing difficult words in the lesson and giving their meaning.
(4) connecting the theme of the lesson with learners' previous experience.

# भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV** (प्र. सं. **91-120**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. **91-99**) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

स्थूल एवं बाह्य पदार्थ सूक्ष्म एवं मानसिक पदार्थों एवं भावों की अपेक्षा अधिक महत्त्व के विषय नहीं हैं । जो व्यक्ति रचनात्मक कार्य करने में समर्थ है, उसे भौतिक स्थूल लाभ अथवा प्रलोभन न तो लुभाते हैं और न ही प्रोत्साहित करते हैं ।

विश्व में विचारक दस में से एक ही व्यक्ति होता है । उसमें भौतिक महत्त्वाकांक्षाएँ अत्यल्प होती हैं । 'पूँजी' का रचयिता कार्ल मार्क्स जीवनभर निर्धनता से जूझता रहा । राज्याधिकारियों ने सुकरात को मरवा डाला, पर वह जीवन के अन्तिम क्षणों में भी शांत था, क्योंकि वह अपने जीवन के लक्ष्य का भली-भाँति निर्वाह कर चुका था । यदि उसे पुरस्कृत किया जाता, प्रतिष्ठा के अंबारों से लाद दिया जाता, परन्तु अपना काम न करने दिया जाता तो निश्चय ही वह अनुभव करता कि उसे कठोर रूप में दंडित किया गया है । ऐसे अनेक अवसर आते हैं जब हमें बाहरी सुख-सुविधाएँ आकर्षित करती हैं, वे अच्छे जीवन के लिए अनिवार्य लगने लगती हैं किंतु महत्त्वपूर्ण यह है कि क्या हमने जीवन का उद्देश्य प्राप्त कर लिया ? यदि इसका उत्तर 'हाँ' है तो बाह्य वस्तुओं का अभाव नहीं खलेगा और यदि 'नहीं' है तो हमें अपने को भटकने से बचाना होगा और लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा ।

**91. विचारकों की एक विशेषता यह है कि उनमें :**

(1) महत्त्वाकांक्षाएँ नहीं होतीं ।

(2) भौतिक महत्त्वाकांक्षाएँ कम होती हैं ।

(3) पद-प्रतिष्ठा प्राप्त करने की इच्छा होती है ।

(4) रचनात्मक कार्य करने की क्षमता होती है ।

**92. सुकरात को अपना काम न करने देने की स्थिति कठोर दंड जैसी प्रतीत होती क्योंकि :**

(1) वह अन्तिम क्षणों में भी शान्त था ।

(2) वह जीवन के कार्य समाप्त कर चुका था ।

(3) वह स्थूल प्रलोभनों की अपेक्षा नहीं करता था ।

(4) उसे जीवन का उद्देश्य प्राप्त करने से रोक दिया गया होता ।

**93. मनुष्य को बाहरी सुख क्यों लुभाते हैं ?**

(1) आराम के लिए

(2) सम्पन्नता के लिए

(3) भरे-पूरे जीवन के लिए

(4) अच्छे जीवन के लिए

**94.** **"जो व्यक्ति रचनात्मक कार्य करने में <u>समर्थ</u> हैं...."**

**वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर कौन सा शब्द प्रयुक्त <u>नहीं</u> किया जा सकता है ?**

(1) सामर्थ्यवान

(2) क्षमतावान

(3) सक्षम

(4) शक्तिशाली

**95.** **'प्रतिष्ठा के <u>अंबारों से</u> लाद दिया जाता' – रेखांकित का तात्पर्य है :**

(1) भार से

(2) ढेर से

(3) आभार से

(4) कृतज्ञता से

**96.** **'भली भाँति निर्वाह कर चुका था ।'**
**उपर्युक्त वाक्यांश में क्रिया-विशेषण है :**

(1) भली

(2) भली भाँति

(3) निर्वाह

(4) कर चुका

**97.** **'महत्त्वाकांक्षा' किन शब्दों से मिलकर बना है ?**

(1) महत् + आकांक्षा

(2) महत्त्व + आकांक्षा

(3) महत्व + आकांक्षा

(4) महत्त्वा + कांक्षा

**98.** **भौतिक लाभ किन्हें नहीं लुभाते ?**

(1) धन-संपन्न लोगों को

(2) सामर्थ्यवान लोगों को

(3) जीवन का लक्ष्य पूरा करने वालों को

(4) रचनात्मक कार्य करने वालों को

**99.** **'पूँजी' का रचयिता कार्ल मार्क्स कथन से संकेत मिलता है कि 'पूँजी' का अर्थ है :**

(1) धन-संपत्ति

(2) एक विचार

(3) एक ग्रंथ

(4) विरासत

**निर्देश :** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों (प्र.सं. **100-105**) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।

रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिखाते थे ।
बड़े-बड़े मोती-से आँसू, जयमाला पहनाते थे ।
मैं रोई, माँ काम छोड़कर आई, मुझको उठा लिया ।
झाड़-पोंछकर चूम-चूम गीले गालों को सुखा दिया ।
आ जा बचपन ! एक बार फिर दे-दे अपनी निर्मल शांति ।
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली, वह अपनी प्राकृत विश्रांति ।
वह भोली-सी मधुर सरलता, वह प्यारा जीवन निष्पाप ।
क्या फिर आकर मिटा सकेगा तू मेरे मन का संताप ?
मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी ।
नंदन-वन-सी फूल उठी, यह छोटी-सी कुटिया मेरी ।

**100. 'व्याकुल व्यथा मिटाने वाली' में प्रयुक्त अलंकार है :**

(1) यमक अलंकार

(2) रूपक अलंकार

(3) उपमा अलंकार

(4) अनुप्रास

**101. 'बचपन' शब्द है :**

(1) संज्ञा

(2) विशेषण

(3) क्रिया-विशेषण

(4) सर्वनाम

**102. 'नंदन-वन-सी फूल उठी, यह छोटी-सी कुटिया मेरी' का भाव है :**

(1) छोटी कुटिया बड़ी हो गई ।

(2) कुटिया सुंदर हो गई ।

(3) कुटिया में आनंद उमड़ उठा ।

(4) कुटिया में शांति छा गई ।

**103. 'मिटा सकेगा तू मेरे मन का संताप ?'**

**उक्त पंक्ति में 'तू' किसे कहा गया है ?**

(1) बच्चे को

(2) बचपन को

(3) कवि को

(4) पाठक को

**104. कवयित्री अपने बचपन को क्यों बुलाना चाहती हैं ?**

(1) अपनी माँ की याद में

(2) अपनी बिटिया की याद में

(3) बचपन के आनंद की याद में

(4) बचपन के खेलों की याद में

**105. बच्चे की आँखों से निकलते आँसुओं को देखकर क्या अनुभूति होती है ?**

(1) कष्ट की

(2) सुख की

(3) विजय की

(4) प्यार की

**निर्देश** : नीचे दिए गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

**106. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषायी क्षमताओं का विकास करने का अर्थ है :**

(1) भाषिक नियमों पर अधिकार

(2) भाषिक संरचनाओं पर अधिकार

(3) भाषा-प्रयोग की कुशलता पर अधिकार

(4) भाषा-अनुकरण की कुशलता पर अधिकार

**107. व्याकरण-शिक्षण की आगमन विधि की विशेषता है :**

(1) पहले उदाहरण प्रस्तुत करना ।

(2) पहले नियम बताना ।

(3) पहले नियम का विश्लेषण करना ।

(4) पहले मनोरंजक गतिविधियाँ कराना ।

**108. किसी भी भाषा पर अधिकार प्राप्त करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है :**

(1) उस भाषा का व्याकरण जानना ।

(2) शब्दों के अर्थ जानना ।

(3) उस भाषा की वाक्य-संरचना जानना ।

(4) उस भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करना ।

**109. समावेशी कक्षा में बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भाषा-शिक्षक के रूप में आपकी मुख्य ज़िम्मेदारी <u>नहीं</u> है :**

(1) विभिन्न आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए उपलब्ध संसाधनों की खोज करना ।

(2) बच्चों की भाषा संबंधी क्षमताओं की पहचान करना ।

(3) बच्चों को विभिन्न प्रकार की दृश्य-श्रव्य सामग्री उपलब्ध कराना ।

(4) बच्चों का आकलन करते समय अति उदार बनना ।

**110. पढ़ने की संस्कृति के विकास के क्रम में _______ पठन को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है ।**

(1) सामूहिक

(2) वैयक्तिक

(3) सस्वर

(4) मौन

**111. भाषा की पाठ्य-पुस्तक में सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष है :**

(1) कागज़ की गुणवत्ता

(2) आकर्षक चित्र

(3) पाठों का उद्देश्यपूर्ण चयन

(4) अभ्यासों की बहुलता

**112. समग्र भाषा पद्धति पर आधारित कक्षा :**

(1) सभी भाषाओं को सीखने पर बल देती है ।

(2) गतिविधियों के आयोजन पर बल देती है ।

(3) बच्चों के भाषायी विकास की स्पष्ट समझ पर बल देती है ।

(4) बाल साहित्य को पढ़कर सुनाने पर बल देती है ।

**113. विद्यालय के बाहर का जीवन और वहाँ प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव भाषा सीखने के लिए आवश्यक प्रेरणा देते हैं, क्योंकि :**

(1) इससे व्याकरणिक नियमों की जानकारी प्राप्त होती है ।

(2) मानक वर्तनी का सम्यक् ज्ञान मिलता है ।

(3) लेखन की विभिन्न शैलियों का परिचय मिलता है ।

(4) समृद्ध भाषिक परिवेश मिलता है ।

**114. पहली कक्षा में प्रवेश लेने से पहले आमतौर पर बच्चे :**

(1) तुतलाकर बोलते हैं ।

(2) पठन-लेखन में दक्ष होते हैं ।

(3) स्व-अभिव्यक्ति जानते हैं ।

(4) भाषा के व्याकरणिक नियम जानते हैं ।

**115. सुरभि अकसर 'ड़' वाले शब्दों को गलत तरीके से उच्चारित करती है । आप क्या करेंगे ?**

(1) उसे 'ड़' वाले शब्दों की सूची पढ़ने एवं बोलकर अभ्यास करने के लिए देंगे ।

(2) उसे 'ड़' वाले शब्दों की सूची पढ़ने एवं लिखकर अभ्यास करने के लिए देंगे ।

(3) उसे 'ड़' वाले शब्दों को अपने पीछे-पीछे दोहराने के लिए कहेंगे ।

(4) उसे सहजता के साथ अपनी बात कहने के लिए प्रोत्साहित करेंगे ।

**116. प्राथमिक स्तर पर पढ़ने की क्षमता का आकलन करने की दृष्टि से सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है :**

(1) वर्णों की पहचान

(2) विराम-चिह्नों का ज्ञान

(3) पढ़ने में प्रवाह

(4) अर्थ का निर्माण

**117. भाषा की कक्षा में कहानी सुनाने का मूल उद्देश्य है :**

(1) बच्चों का मनोरंजन करना ।

(2) बच्चों की कल्पनाशक्ति का विकास ।

(3) बच्चों में 'सुनकर दोहराने' की आदत का विकास ।

(4) बच्चों को अनुशासन में रखना ।

**118. प्राथमिक कक्षाओं में बच्चे बहुत कुछ लेकर विद्यालय आते हैं, जैसे – अपनी ______, अपने अनुभव, दुनिया को देखने का अपना दृष्टिकोण आदि ।**

(1) कमियाँ

(2) समस्याएँ

(3) भाषा

(4) पाठ्य-पुस्तकें

**119. बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास का अर्थ यह नहीं है :**

(1) बातचीत में सक्रिय भागीदारिता का निर्वाह करना ।

(2) वाद-विवाद में बेझिझक होकर बोलना ।

(3) कहानी सुनकर शब्दश: दोहराना ।

(4) अपनी कल्पनाओं की मौखिक अभिव्यक्ति ।

**120. भाषा की कक्षा में यह ज़रूरी है कि :**

(1) स्वयं भाषा-शिक्षक की भाषा प्रभावी हो ।

(2) भाषा-शिक्षक भाषा का पूर्ण ज्ञाता हो ।

(3) भाषा-शिक्षक बच्चों की उच्चारणगत शुद्धता पर विशेष ध्यान दे ।

(4) भाषा-शिक्षक बच्चों की वर्तनी को बहुत कठोरता से ले ।

# PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150)**, if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **121-129**) by selecting the **most appropriate** options :

One Sunday morning, I was travelling on a subway in Mumbai. People were sitting quietly – some reading newspapers, some lost in thought. It was a calm, peaceful scene.

Then suddenly, a man and his children entered the subway car. The children were so loud and rambunctious that instantly the whole climate changed.

The man sat next to me and closed his eyes, apparently oblivious to the situation. The children were yelling back and forth, throwing things, even grabbing people's papers. It was very disturbing. And yet, the man sitting next to me did nothing.

It was difficult not to feel irritated. I could not believe that he could be so insensitive as to let his children run wild and do nothing about it. It was easy to see that everyone else on the subway felt irritated, too. So finally, I turned to him and said, "Sir, your children are really disturbing a lot of people. I wonder if you couldn't control them a little more ?"

The man lifted his gaze as if to come to a consciousness of the situation for the first time and said softly, "Oh, you're right. I guess I should do something about it. We just came from the hospital where their mother died an hour ago. I don't know what to think and I guess they don't know how to handle it either".

Can you imagine what I felt at that moment. My paradigm shifted. Suddenly I saw things differently, and because I saw things differently, I thought, felt and behaved differently. My irritation vanished; my heart was filled with the man's pain. Feelings of sympathy and compassion flowed freely. "Your wife just died ? Oh, I am sorry ! Can you tell me about it ? What can I do to help ?" Everything changed in an instant.

**121. It can be inferred from the man's behaviour that he was :**

(1) insensitive

(2) an indulgent parent

(3) mentally disturbed

(4) unsocial

**122. When the writer learnt the truth :**

(1) he felt apologetic.

(2) his heart was filled with the man's suffering.

(3) he was angry with himself for being judgemental.

(4) he decided to help the man out.

**123. The primary purpose of the author is to :**

(1) highlight the problems of subway travellers.

(2) narrate an amusing incident.

(3) show how indulgent parents spoil their children.

(4) show a radical shift in attitude.

**124. The word 'oblivious' (Para 3) means :**

(1) insensitive

(2) unaware

(3) neglectful

(4) inconsiderate

**125. The word which is opposite in meaning to 'compassion' (Para 6) is :**

(1) cruelty

(2) coarseness

(3) dislike

(4) wildness

**126. 'I <u>felt</u> differently.'**

**Tense of the above sentence has been correctly changed into present continuous in :**

(1) I have been feeling differently.

(2) I am feeling differently.

(3) I had been feeling differently.

(4) I was feeling differently.

**127. 'My irritation vanished.'**

**The sentence given above has been carrectly changed into interrogative form in :**

(1) Did my irritation vanish ?

(2) Couldn't my irritation vanish ?

(3) Hadn't my irritation vanished ?

(4) Didn't my irritation vanish ?

**128. The children's behaviour on the subway was :**

(1) amusing

(2) irritating

(3) disgusting

(4) shocking

**129. How did the man (children's father) react to the unruly behaviour of his children ?**

(1) He enjoyed their antics.

(2) He rebuked them.

(3) He tried to control them.

(4) He did nothing.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **130-135**) by selecting the **most appropriate** options :

Your attitudes are the perspectives from which you view life. Some people seem to have a good attitude towards most things. Some people seem to have a bad attitude towards everything. But when you look closer, you will find that most of us have a combination of attitudes, some good, some not so good.

Whatever attitude we have towards anything will affect how we feel about it, which in turn determines whether or not we will do well. So our right attitudes play a very important part in helping us become successful.

In fact, as we can see, a good attitude is essential for achievement of any kind ! We so often hear of someone who is said to have a "bad attitude". The term is often applied to young people, especially to teenagers who frequently get into trouble, but we often hear it about adults, too. The implication is always that the individual in question is not going to make it if he doesn't change his attitude.

I would agree, without a good attitude it is not possible to see the opportunities ahead and set one's sights to reach them. But even more important is the fact that in order to possess the kind of feelings which work for us, we've got to have the right attitude to start with.

But where do we get our attitudes from ? Are we born with them or do they just appear out of nowhere ? Our attitudes are no accident. They don't just happen. Our attitudes are created and influenced entirely by our beliefs.

**130. The term "bad attitude" is used for young people because they :**

(1) defy all kinds of authority.

(2) behave irresponsibly.

(3) often get into difficulty.

(4) are unpredictable.

**131. Right attitudes are absolutely essential to :**

(1) succeed in life.

(2) win the goodwill of our peers and superiors.

(3) have harmonious relations with others.

(4) promote our mental well-being.

**132. Which one of the following statements is correct ?**

(1) We are born with our attitudes.

(2) Our attitudes are influenced by our parents only.

(3) Our attitudes are created and controlled by our beliefs.

(4) Our attitudes are the results of our personal experience.

**133. The word 'determine' most nearly means :**

(1) govern

(2) influence

(3) overcome

(4) engage

**134. Which part of speech is the underlined word in the sentence given below ?**

**'Some people seem to have a good attitude <u>towards</u> most things.'**

(1) Adverb

(2) Preposition

(3) Adjective

(4) Conjunction

**135. A/An _____ attitude is absolutely necessary for attainment of any kind.**

(1) virtuous

(2) cheerful

(3) optimistic

(4) good

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**136. Who strongly maintains that language is learnt by imitation of stimuli and reinforcement of correct responses ?**

(1) B.F. Skinner

(2) Albert Bandura

(3) Kurt Lewin

(4) Tolman

**137. Under which activity do recognising sounds and deducing meanings from them come ?**

(1) Writing

(2) Speaking

(3) Listening

(4) Reading

**138. During the process of language learning, students lack confidence in their pronunciation. How can one overcome this ?**

(1) Organizing play like tasks in which children can talk to one another.

(2) Providing scope for special activities with the help of language experts for removing speaking defects.

(3) Correcting mistakes immediately.

(4) Reading aloud in the classroom.

**139. Which of the following is the highest level of cognitive ability ?**

(1) Analysing

(2) Knowing

(3) Understanding

(4) Evaluating

**140. Why is story telling most important in an English language class at primary level ?**

(1) It creates fun in the class.

(2) It is useful for developing integrated language skills.

(3) It develops moral values among the students.

(4) It improves students' vocabulary.

**141. A good teacher is one who :**

(1) gives printed notes to students.

(2) gives them ample opportunities to learn.

(3) gives them useful information.

(4) explains concepts and principles.

**142. Which of the following helps in learning the second language without using the printed text ?**

(1) Grammar-translation method

(2) Situational approach

(3) Natural approach

(4) Language immersion

**143. A person, who is a fluent speaker, is likely to possess :**

(1) Verbal-linguistic ability

(2) Logico-mathematical ability

(3) Bodily-kinesthetic ability

(4) Musical ability

**144. Which approach emphasizes interaction as the means and the goal of learning a language ?**

(1) Silent way

(2) Communicative

(3) Oral-aural

(4) Immersion

**145. Maximum participation of students during teaching in a language class-room is possible through :**

(1) Discussion and demonstration methods

(2) Lecture method

(3) Translation method

(4) Inductive method

**146. Dyslexia is an intellectual disability that negatively affects the understanding abilities in terms of :**

(1) Reading

(2) Oral language

(3) Sign language

(4) Dialect

**147. The Linguist, Noam Chomsky maintains that every child has an innate Language Acquisition Device (LAD) that he/she uses for :**

(1) Semantics

(2) Phonemes

(3) Universal Grammar

(4) Complex words

**148. The structural approach advocates :**

(1) using mother tongue

(2) resorting to fluency

(3) selection and gradation of material

(4) assessing learners' performance

**149. According to socio-cultural theory of Vygotsky :**

(1) Culture helps in language development.

(2) Self-directed speech is the lowest stage of the scaffolding.

(3) Children can think in abstract terms if abstract material is provided at a lower age.

(4) Children think in different domain and do not take a complete perspective.

**150. What is the main purpose of poetry recitation in a language classroom ?**

(1) To know the historical background of the poem.

(2) To appreciate and enjoy the poem.

(3) To give their opinions about the poem.

(4) To become aware of the poet and her works.

## भाग – V
## भाषा – II
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र. सं. 121-150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121-129) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

क्यों ? एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब देने का प्रयास हम माता-पिता हमेशा से करते आए हैं । यह अच्छी बात है कि बच्चे सवाल पूछते हैं । सीखने का इससे बढ़िया कोई और तरीका नहीं हो सकता । सभी बच्चों के पास सीखने के दो स्रोत होते हैं – कल्पनाशीलता और उत्सुकता । माता-पिता के रूप में आप अपने बच्चे की कल्पनाशीलता व उत्सुकता को बढ़ावा देकर उसे सीखने के आनंद से सराबोर कर सकते हैं । शिक्षण और सीखना महज स्कूल की चारदीवारी के भीतर संपन्न होने वाली रहस्यमय गतिविधियाँ नहीं हैं । वे तब भी होती हैं, जब माता-पिता और बच्चे बेहद आसान चीजों को साथ-साथ करते हैं । उदाहरण के लिए, धुलने वाले कपड़ों के ढेर से मोजों को उनके जोड़ों के हिसाब से छाँटकर गणित और विज्ञान की गुत्थियाँ सुलझा सकते हैं । साथ मिलकर खाना बना सकते हैं, क्योंकि खाना बनाने से गणित और विज्ञान के अलावा अच्छी सेहत की भी सीख मिलती है । एक-दूसरे को कहानियाँ सुना सकते हैं । कहानी सुनाना पढ़ने और लिखने का आधार है । उछल-कूद वाले खेलों से बच्चे गिनती सीखते हैं और जीवन-पर्यंत अच्छी सेहत का पाठ भी पढ़ते हैं । बच्चों के साथ मिलकर कुछ करने से आप समझ जाएँगे कि सीखना मनोरंजक और बेहद महत्त्वपूर्ण क्रिया-कलाप है ।

**121. बच्चों के पास सीखने के स्रोतों में से एक है :**

(1) माता-पिता

(2) उत्सुकता

(3) अध्यापक

(4) पाठ्यपुस्तक

**122. सीखना तब भी होता है, जब माता-पिता और बच्चे :**

(1) साथ-साथ काम करें ।

(2) गृहकार्य मिलकर करें ।

(3) मिलकर खाना बनाना सीखें ।

(4) केवल छोटे और आसान काम करें ।

**123. गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि :**

(1) सीखना स्कूल के भीतर ही संभव है ।

(2) माता-पिता को बच्चों के सवालों के जवाब नहीं देने चाहिए ।

(3) बच्चे रोज़मर्रा के कार्यों से भी बहुत कुछ सीख सकते हैं ।

(4) कहानी सुनाना ही सीखने का एकमात्र आधार है ।

124. कल्पनाशीलता और उत्सुकता को बढ़ावा देने से बच्चा :

(1) स्वयं कहानियाँ बनाकर सुनाता है ।

(2) सीखने के आनंद में डूब जाता है ।

(3) अच्छी बहस कर सकता है ।

(4) अच्छा नागरिक बन सकता है ।

125. 'मनोरंजक' शब्द है :

(1) क्रिया

(2) विशेषण

(3) सर्वनाम

(4) संज्ञा

126. 'जीवन-पर्यंत' शब्द का अर्थ है :

(1) जीवन भर

(2) जीवन का अंत

(3) सुखी जीवन का अंत

(4) जीवन और परिवार

127. 'उत्सुकता' शब्द में प्रत्यय है :

(1) उत्

(2) सु

(3) ता

(4) कता

128. किनके 'क्यों ?' प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास हम करते आए हैं ?

(1) माता-पिता के

(2) बच्चों के

(3) समाज के

(4) शिक्षकों के

129. सीखने का बढ़िया तरीका है :

(1) प्रश्न पूछना

(2) उत्तर देना

(3) विस्तार से समझाना

(4) पुस्तक पढ़ना

**निर्देश** : नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए । (प्र.सं. **130-135**)

साल के जिस माह से मुझे सबसे अधिक लगाव होता है, वह दिसंबर ही है । इस महीने की कोमल धूप मुझे मोह लेती है, लेकिन तभी एहसास होता है कि यह साल भी बीतकर विगत हो जाएगा, ठीक उसी तरह, जैसे धरती मैया के आँचल में न जाने कितनी सदियाँ, कितने बरस दुबककर छिपे बैठे हैं । फिर सोचता हूँ, तो लगता है कि हर किसी के जीवन के बनने में ऐसे ही न जाने कितने 12 महीने होंगे, इन्हीं महीनों के पल-पल को जोड़कर हम-आप सब अपने जीवन को सँवारते-बिगाड़ते हैं । किसानी करते हुए हमने पाया कि एक किसान चार-चार महीने में एक जीवन जीता है । शायद ही किसी पेशे में जीवन को इस तरह टुकड़ों में जिया जाता होगा । चार महीने में हम एक फसल उपजा लेते हैं और इन चार महीने के सुख-दुख को फसल काटते ही मानो भूल जाते हैं । हमने कभी बाबूजी के मुख से सुना था कि किसान ही केवल ऐसा जीव है, जो स्वार्थ को ताक पर रखकर जीता है । इसके पीछे उनका तर्क होता था कि फसल बोने के बाद किसान इस बात की परवाह नहीं करता है कि फल अच्छा होगा या बुरा । वह सब कुछ मौसम के हवाले कर जीवन के अगले चरण की तैयारी में जुट जाता है । किसानी करते हुए जो एहसास हो रहा है, उसे लिखता जाता हूँ । इस आशा के साथ कि किसानी को कोई परित्यक्त भाव से न देखे । अंतिम महीने में मेरे जैसे किसान मक्का, आलू और सरसों में डूबे पड़े हैं । इस आशा के साथ कि आने वाले नए साल में इन फसलों से नए जीवन को नए सलीके से सजाया-सँवारा जाएगा ।

**130. शब्दों का कौन-सा जोड़ा शेष से भिन्न है ?**

(1) कंकड़-पत्थर

(2) सुख-दुख

(3) सजाया-सँवारा

(4) घास-फूस

**131. स्वार्थ को ताक पर रखकर जीते हैं :**

(1) महापुरुष

(2) विद्यार्थी

(3) किसान

(4) मज़दूर

**132. किसान अपने सुख-दुख को कब भूल जाता है ?**

(1) फ़सल तैयार होने पर

(2) फ़सल बोने पर

(3) फ़सल काट लेने पर

(4) फ़सल बेच देने पर

**133. 'किसान' से बना 'किसानी' शब्द है :**

(1) संज्ञा

(2) सर्वनाम

(3) विशेषण

(4) क्रिया-विशेषण

**134. लेखक खेती के साथ-साथ लिखने का काम भी क्यों कर रहा है ?**

(1) नाम के लिए सब कुछ करना ज़रूरी है ।

(2) धन के लिए खेती करनी पड़ती है ।

(3) किसान दीन नहीं है ।

(4) किसान को कोई हीन न समझे ।

**135. लेखक को दिसंबर से विशेष लगाव है, क्योंकि :**

(1) सरदी होती है ।

(2) कोमल धूप अच्छी लगती है ।

(3) साल बदलता है ।

(4) साल का अंतिम महीना है ।

**निर्देश** : नीचे पूछे गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

**136. आपकी कक्षा के कुछ विद्यार्थी 'सड़क' को 'सरक' बोलते हैं । इसका सबसे संभावित कारण है :**

(1) सुनने में समस्या

(2) लापरवाही का होना

(3) उनकी मातृभाषा का प्रभाव

(4) उन्हें हिन्दी न आना

**137. भाषा की कक्षा में बच्चों को किसी त्योहार विशेष के बारे में बताना है, आप :**

(1) श्यामपट्ट पर उस त्योहार विशेष के बारे में लिख देंगे ।

(2) किसी पुस्तक से उस त्योहार के बारे में पढ़कर सुनाएँगे ।

(3) बच्चों को उस त्योहार के बारे में अपने-अपने अनुभव सुनाने के लिए कहेंगे ।

(4) उस त्योहार पर गृहकार्य के रूप में निबंध लिखकर लाने के लिए कहेंगे ।

**138. बच्चे के व्यक्तित्व-निर्माण में _______ का महत्त्वपूर्ण योगदान है ।**

(1) क्षेत्रीय भाषा

(2) विदेशी भाषा

(3) शास्त्रीय भाषा

(4) मातृभाषा

**139. भाषा की पढ़ाई :**

(1) भाषा की पाठ्य-पुस्तक से ही संभव है ।

(2) समूची पाठ्यचर्या में व्याप्त है ।

(3) समूची पाठ्यचर्या का केवल एक हिस्सा है ।

(4) बेहद जटिल और संवेदनशील है ।

**140. हिंदी भाषा-शिक्षण के संदर्भ में आप किस कथन से सहमत <u>नहीं</u> हैं ?**

(1) कक्षा में बच्चों को अपनी बात कहने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए ।

(2) कक्षा में बच्चों को विविध प्रकार का बाल-साहित्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

(3) कक्षा में बच्चों को अधिकाधिक लिखित कार्य दिया जाना चाहिए ।

(4) कक्षा में बच्चों की भाषा का सम्मान किया जाना चाहिए ।

**141. बच्चों का अपने लेखन के प्रति आत्मविश्वास जगाने के लिए ज़रूरी है कि :**

(1) उनकी वर्तनी की शुद्धता को सराहा जाए ।

(2) उनके द्वारा लिखी गई बात का सम्मान किया जाए ।

(3) उनके लिखने की गति पर ध्यान दिलाया जाए ।

(4) उनके अक्षरों की बनावट की प्रशंसा की जाए ।

**142. जिन बच्चों को लिखने में कठिनाई होती है संभवतया वे _____ से ग्रसित हों ।**

(1) लेखन अक्षमता (डिस्ग्राफिया)

(2) गणितीय-अक्षमता (डिस्कैल्कुलिया)

(3) स्वर-अक्षमता (डिस्फोनिया)

(4) पठन-अक्षमता (डिस्लेक्सिया)

**143. मैं अपनी कक्षा में बहुभाषिकता को महत्त्व देती हूँ, इसलिए मैं :**

(1) श्यामपट्ट पर हिन्दी भाषा के शब्दों के अर्थ दो भाषाओं में अवश्य लिखती हूँ ।

(2) सभी बच्चों को अपनी मातृभाषा में कहने-सुनने की आज़ादी देती हूँ ।

(3) भिन्न-भिन्न भाषाओं की पुस्तकों का आदर करती हूँ ।

(4) बच्चों को कई भाषाओं की कविताओं का गान करवाती हूँ ।

**144. पहली-दूसरी कक्षा के बच्चों को साथ भाषा सिखाने के लिए ज़रूरी है कि उन्हें :**

(1) अपने उच्चारण पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा जाए ।

(2) बात कहने के तरीकों का अभ्यास करवाया जाए ।

(3) कविता गाने के अधिकाधिक अवसर दिए जाएँ ।

(4) पारस्परिक संवाद के लिए प्रोत्साहित किया जाए ।

**145. 'पढ़ना' कौशल में सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है :**

(1) वर्णों की पहचान

(2) पढ़ने की गति

(3) अर्थ एवं अनुमान

(4) शब्दों का उच्चारण

**146. प्राथमिक स्तर पर बच्चे किस प्रकार की कविताएँ पसन्द करते हैं ?**

(1) जिनमें तुकबन्दी हो ।

(2) जिनमें मूल्य हों ।

(3) जिनमें गेयता हो ।

(4) जिनमें नवीन शब्दों का भंडार हो ।

**147. भाषा-अर्जन के संबंध में कौन-सा कथन उचित नहीं है ?**

(1) सभी बच्चों में भाषा-अर्जन की स्वाभाविक क्षमता होती है ।

(2) भाषा-अर्जन के लिए नियम सिखाए जाते हैं ।

(3) भाषा-अर्जन को सहज बनाने के लिए समृद्ध भाषिक परिवेश होना चाहिए ।

(4) बिना विद्यालय गए भाषा-अर्जन संभव है ।

**148. भाषा की कक्षाओं में लोकतांत्रिकता बनाए रखने के लिए क्या ज़रूरी है ?**

(1) लोकतंत्र पर निबंध पढ़ाना-लिखवाना ।

(2) स्वतंत्र एवं मौलिक अभिव्यक्ति के अवसर देना ।

(3) राज्य भाषा को अनिवार्यत: पढ़ाना ।

(4) बच्चों को हर समय बोलने के लिए कहना ।

**149. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषायी क्षमताओं के आकलन में सबसे अधिक कारगर है :**

(1) लिखित परीक्षा

(2) पोर्टफोलियो

(3) जाँच सूची

(4) रेटिंग स्केल

**150. कहानी पढ़ने के बाद कक्षा में कौन-सी गतिविधि सबसे कम प्रभावी है ?**

(1) कहानी को अपने शब्दों में कहना ।

(2) कहानी को दोहराना ।

(3) कहानी का अंत परिवर्तित करना ।

(4) कहानी को आगे बढ़ाना ।

SPACE FOR ROUGH WORK
रफ कार्य के लिए जगह

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन प्रश्न पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS:**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

Q

SEAL